आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 02 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-095 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 03 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संक्षेप

### बीजापुर में आईईडी धमाका एक घायल

**बीजापुर,2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) धमाके में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार शाम जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र के सिराकोंटा और दम्पाया गांव के मध्य की है। उन्होंने बताया कि पेगड़ापल्ली निवासी ग्रामीण विशाल गोटे (32) वन उपज (मशरूम) बटोरने के लिए गए थे तभी आईईडी धमाके में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि गोटे के पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि उसे तत्काल मद्देड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर और बाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल जगदलपुर भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों से अनुरोध किया गया है कि वे जंगल में जाते समय विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस थाना या निकटतम सुरक्षा शिविर को दें। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए जंगलों और सड़कों पर आईईडी धमाके करते हैं। कई बार इसका शिकार ग्रामीण भी हो जाते हैं।

### प्यार का खौफनाक अंत

**मैरांग ,2 जुलाई ।** मेघालय के मैरांग से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शाम को मैरांग पिंडेंगुमियोंग गांव के बाजार में एक 25 वर्षीय युवक ने अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने इस खौफनाक वारदात को उस समय अंजाम दिया जब लड़की अपने पिता के साथ बाजार में खेत का सामान बेच रही थी।मृतका की पहचान फिरनैलिन खारसिनट्यू के रूप में हुई है, जो मावखाप गांव की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाजार में आरोपी ने फिरनैलिन और उसके पिता से मुलाकात की। बातचीत के दौरान दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद आरोपी ने अचानक धारदार हथियार से अपनी प्रेमिका का गला रेत दिया। इस घटना के बाद बाजार में खून फैल गया.

# एयर इंडिया हादसे का कारण बना 'डबल इंजन फेलियर' !

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** पिछले दिनों गुजरात के अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया प्लेन क्रैश मामले में नया अपडेट आया है. Bloomberg की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि एअर इंडिया के पायलटों ने फ्लाइट सिम्युलेटर में एयरक्राफ्ट के पैरामीटर को फिर से दोहराया और तकनीकी खराबी को हादसे के पीछे संभावित कारण के रूप में पहचाना गया है. हालांकि, AI 171 प्लेन के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे की वास्तविक वजह अभी तक सामने नहीं आ सकी है. सिमुलेशन के हिस्से के रूप में, पायलटों ने लैंडिंग गियर को तैनात रखा और विंग फ्लैप को वापस खींच लिया. हालांकि, यह पाया गया कि हादसे के पीछे की वजह सिर्फ ये नहीं हो सकती. एअर इंडिया ने सामने आए तथ्यों पर किसी तरह की बयानबाजी करने से इनकार कर दिया है. एअर इंडिया के प्रवक्ता ने इंडिया टुडे को बताया, "ये अटकलें हैं और हम इस वक्त कोई टिप्पणी नहीं कर सकते." बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के मलबे की तस्वीरों से पता चला कि फ्लैप्स एक्सटेंड हुए थे और पीछे नहीं हटे थे, जैसा कि अनुमान लगाया गया था. जब प्लेन की स्पीड धीमी होती है, तब फ्लैप्स टेक-



## जांच में सामने आई हैरान करने वाली रिपोर्ट

ऑफ और लैंडिंग के दौरान विमान को जरूरी एक्स्ट्रा लिफ्ट देते हैं. लंदन जाने वाली फ्लाइट अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ सेकंड के अंदर एक मेडिकल कॉलेज कैंपस के पास हादसे का शिकार हो गई, जिससे प्लेन में सवार 242 यात्रियों और क्रू मेंबर्स में से एक को छोड़कर सभी की मौत हो गई और जमीन पर मौजूद 34 अन्य लोग मारे गए. कई एक्सपर्ट्स ने इस बात की पुष्टि की है कि टेक्निकल फेलियर ही हादसे के पीछे की एक वजह हो सकता है.

एविएशन एक्सपर्ट और पूर्व अमेरिकी नौसेना पायलट कैप्टन स्टीव शेबनर ने कहा कि इस हादसे के पीछे की वजह डुअल इंजन फेलियर हो सकती है. इंडिया टुडे के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद रैम एयर टर्बाइन का खुलना डुअल इंजन फेलियर की तरफ इशारा करता है. यह सिमुलेशन विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो द्वारा की जा रही आधिकारिक जांच से अलग आयोजित किया गया था. सूत्रों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि यह संभावित कारणों का पता लगाने के लिए किया गया था. एअर इंडिया के पायलटों द्वारा किए गए क्रैश फुटेज के एनालिसिस से पता चला कि लैंडिंग गियर आगे की ओर झुका हुआ था, जिससे पता चलता है कि पहियों का पीछे हटना शुरू हो गया था. उस वक्त, लैंडिंग-गियर के दरवाज़े नहीं खुले थे, जिसके बारे में पायलटों ने कहा कि यह इशारा करता है कि प्लेन में बिजली की कमी या हाइड्रोलिक फेलियर हुआ था.

# राजनीति में मस्क के उतरने की आशंका से सियासी खलबली

### अमेरिकी कानून पैदा कर सकता है अड़चन

**वाशिंगटन,2 जुलाई।** अमेरिका में इस समय भारी उथल-पुथल जारी है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति कारोबारी एलॉन मस्क के बीच की तल्खियां बढ़ती जा रही हैं. One Big, Beautiful Bill को लेकर दोनों में तनातनी बनी हुई है. इस बीच यह बिल अमेरिकी सीनेट से पारित हो गया है. ऐसे में मस्क ने नई राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया. पर सवाल है कि क्या असल में दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों वाले मुल्क में तीसरे मोर्चे की जगह है? क्या अमेरिका में तीसरा प्रमुख राजनीतिक दल कारगर साबित होगा? अमेरिका में फिलहाल दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियां रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक है. ये दोनों ही पार्टियां 1850 के दशक से केंद्र की राजनीति में प्रभावी हैं. हालांकि, अमेरिका में कई अन्य पार्टियां जैसे- लिबरेटियन पार्टी, ग्रीन पार्टी, कॉन्स्टिट्यूशन पार्टी और अलायंस पार्टी भी है. लेकिन रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के सामने इनका वजूद ना के बराबर है.

# 5 साल तक कर्नाटक का सीएम बना रहूंगा: सिद्धारमैया

**बेंगलुरु,2 जुलाई।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पांच साल का कार्यकाल पूरा करना चाहते हैं। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना के दावों के बीच सिद्धारमैया ने कहा, "हां, मैं मुख्यमंत्री के तौर पर काम करना जारी रखूंगा। आपको संदेह क्यों है?" उन्होंने भाजपा और जद (एस) पर यह दावा करने के लिए हमला किया कि राज्य में कांग्रेस में आंतरिक दरार है। उन्होंने पूछा, "क्या वे कांग्रेस आलाकमान हैं?" इससे पहले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर कोई असंतोष नहीं है और जब सिद्धारमैया मुख्यमंत्री हैं तो नेतृत्व के मुद्दे पर किसी मतभेद की जरूरत नहीं है। शिवकुमार, जो राज्य कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, ने यह स्पष्ट करते हुए कि पार्टी अनुशासन महत्वपूर्ण है, कहा कि उन्होंने किसी से उन्हें सीएम बनाने के लिए नहीं कहा है, और चेतावनी दी है कि नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर सार्वजनिक बयान देने वाले नेताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। डीकेएस ने सत्ता परिवर्तन की



चर्चा पर विराम लगाते हुए कहा कि नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं होगा और वह नहीं चाहते कि कोई उनका समर्थन करे। शिवकुमार ने कहा कि किसी को डरने की जरूरत नहीं है। हम पूरे देश में ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठनात्मक बदलाव कर रहे हैं। हम विभिन्न विधायकों द्वारा दिए गए बयानों को सुन रहे हैं। पार्टी में अनुशासन लाने की जरूरत है। अनुशासन महत्वपूर्ण है। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मैंने किसी से मेरा नाम लेने या मुझे मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है। इसकी कोई जरूरत नहीं है। जब मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया) हैं, तो किसी भी तरह के विवाद की कोई जरूरत नहीं है।

# मौत के बाद चुना जाएगा दलाई लामा का उत्तराधिकारी

नई दिल्ली,2 जुलाई। तिब्बती बौद्ध धर्म के सर्वोच्च आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने अपने उत्तराधिकारी के चयन को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार होगा और इस प्रक्रिया में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को सौंपी है। इसके साथ ही दलाई लामा ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी संस्था यानी 'दलाई लामा का संस्थान' भविष्य में भी जारी रहेगा। यह बात उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कही। उन्होंने 2011 में किए गए वादे की भी याद दिलाई। दलाई लामा ने बताया कि 24 सितंबर 2011 को तिब्बती बौद्ध परंपराओं के प्रमुखों की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा उठाया था कि आने वाले समय में यह विचार किया जाए कि क्या दलाई लामा की परंपरा



## खुद खारिज कर दी चीन की भूमिका; लिया एक नाम

को आगे भी जारी रखा जाना चाहिए। उस वक्त उन्होंने कहा था कि "जब मैं लगभग 90 वर्ष का हो जाऊंगा, तब मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामा, तिब्बती जनता, और अन्य संबंधित लोगों से विचार-विमर्श करूंगा कि यह संस्था जारी रहनी चाहिए या नहीं।"

**तिब्बती जनता की अपील पर लिया निर्णय**-हालांकि इस विषय पर कोई सार्वजनिक चर्चा नहीं हुई, परंतु पिछले 14 वर्षों में तिब्बती धर्म परंपराओं के नेताओं, तिब्बती संसद के सदस्यों, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन, एनजीओ, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया, रूस के बौद्ध गणराज्य और चीन सहित एशिया के कई देशों के बौद्ध अनुयायियों ने दलाई लामा को पत्र लिखकर आग्रह किया कि दलाई लामा की संस्था को जारी रखा जाए। दलाई लामा ने कहा, "मुझे तिब्बत के भीतर से भी कई चैनलों के माध्यम से यही अपील प्राप्त हुई है। इन सभी अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, मैं घोषणा करता हूं कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी।" दलाई लामा ने दोहराया कि अगले दलाई लामा की पहचान और मान्यता की पूरी प्रक्रिया का अधिकार केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को है, जो उनके आधिकारिक कार्यालय का हिस्सा है। कोई अन्य व्यक्ति, संगठन या सरकार इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

# 12% जीएसटी स्लैब हटाने की तैयारी में मोदी सरकार

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में जल्द ही महत्वपूर्ण बदलाव कर सकती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाला से बताया गया है कि चर्चा के तहत एक प्रमुख प्रस्ताव यह है कि या तो कुछ आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% कर दिया जाए या 12% स्लैब को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में 12% जीएसटी लागू करने वाली अधिकांश वस्तुएं आम नागरिकों द्वारा रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं हैं। इनमें वे उत्पाद शामिल हैं जो मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उपभोग पैटर्न में प्रमुखता से शामिल हैं। विचाराधीन योजना में इन वस्तुओं को 5% के निचले कर स्लैब में पुनः वर्गीकृत करना शामिल है, जिससे वे अंतिम उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी रूप से सस्ती हो जाएँगी। वैकल्पिक रूप से, सरकार 12% स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने और वस्तुओं को मौजूदा निचले या उच्च स्लैब में पुनः



आवंटित करने का विकल्प चुन सकती है। जीएसटी परिषद की आगामी 56वीं बैठक में अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। प्रोटोकॉल के अनुसार, परिषद की बैठक बुलाने से पहले 15 दिन का नोटिस देना आवश्यक है, लेकिन सूत्रों से संकेत मिलता है कि सत्र इस महीने के अंत में हो सकता है। यह कदम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है, खासकर चुनाव से पहले के वर्ष में, और आबादी के एक बड़े हिस्से द्वारा उपभोग की जाने वाली आवश्यक वस्तुओं पर मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद, जिसमें राज्य वित्त मंत्री शामिल हैं, के पास कर दरों में बदलाव की सिफारिश करने का अधिकार है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो यह 2017 में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली लागू होने के बाद से जीएसटी दरों में सबसे महत्वपूर्ण बदलावों में से एक होगा।

# दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने की तारीख बदली

**नई दिल्ली,2 जुलाई।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कृत्रिम बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग परियोजना का परीक्षण मानसून के कारण स्थगित कर दिया गया है और अब यह 30 अगस्त से 10 सितंबर के बीच किया जाएगा। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि क्लाउड सीडिंग के जरिए कृत्रिम बारिश की अनुमति पाने में हम सफल रहे हैं। हम अगस्त के अंत से सितंबर के पहले सप्ताह के बीच इसका परीक्षण करेंगे। हम यह जानने के लिए पांच परीक्षण करेंगे कि क्या यह दिवाली या सितंबर में जमा होने वाले स्मॉग के खिलाफ कारगर हो सकता है।

मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 4 जुलाई से 11 जुलाई के बीच परीक्षण के लिए मंजूरी दे दी है, लेकिन भारतीय मौसम विभाग और पुणे में भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने तारीखों को बदलने का सुझाव दिया है, क्योंकि मानसून के बादल पैटर्न इष्टतम क्लाउड सीडिंग का समर्थन नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुझाव के बाद, दिल्ली सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के परामर्श से डीजीसीए से सर्वोत्तम परिणामों के लिए 10 अगस्त से 30 सितंबर की अवधि के लिए अनुरोध किया। क्लाउड सीडिंग का उपयोग बादलों में सिल्वर आयोडाइड या नमक जैसे विशेष पदार्थों को मिलाकर बारिश या हिमपात करने के लिए किया जाता है। इसे हवाई जहाज, रॉकेट या ज़मीन पर मशीनों का उपयोग करके किया जा सकता है। क्लाउड सीडिंग का उपयोग कई देशों (चीन, अमेरिका, यूएई) में सूखे से निपटने, बर्फबारी बढ़ाने, ओलावृष्टि को कम करने, कोहरे को दूर करने या वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिए किया जाता है। यह आमतौर पर तभी काम करता है जब आसमान में पहले से ही बादल हों और इससे बारिश में लगभग 5-15 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। क्लाउड सीडिंग बादलों में कुछ पदार्थों को मिलाकर काम करती है, जिससे बारिश की बूंदें या बर्फ के टुकड़े बनते हैं।

# 11 राज्यों में करोड़ों की ठगी करने वाले 5 अंतर्राज्यीय ठगों को पुलिस ने दबोचा

**कोंडागांव,2 जुलाई।** सायबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए फरसगांव पुलिस ने 11 राज्यों में करोड़ों की ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है. इन आरोपियों पर करीब 1 करोड़ 70 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी का आरोप है. पुलिस की इस सफलता ने पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दिया है. यह कार्रवाई एसडीओपी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की. टीम में थाना फरसगांव के निरीक्षक संजय सिन्दे और साइबर सेल के विशेषज्ञ शामिल थे. लंबे समय से चल रही निगरानी के बाद आरोपियों को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया. पुलिस मुख्यालय रायपुर ने साइबर अपराध रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए थे. उसी के तहत पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय.



अक्षय कुमार (भा.पु.से.) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई. तफ्तीश की शुरुआत थाना फरसगांव में दर्ज अपराध क्रमांक 46/2025 से हुई, जब एक आरोपी भावेश तारम पकड़ा गया. वह म्यूल एकाउंट धारक था. पूछताछ में उसने खुलासा किया कि पूरा गिरोह लेयर सिस्टम में काम करता है: आरोपी लोगों को मामूली रकम का लालच देकर उनके नाम पर बैंक एकाउंट, एटीएम कार्ड, पासबुक और मोबाइल सिम हासिल करते थे. इसके बाद इन खातों का इस्तेमाल बड़ी साइबर ठगी में किया जाता था. थाना फरसगांव में दर्ज चार मामलों (अपराध क्रमांक 46/2025, 82/2025, 83/2025, 84/2025) की जांच में सामने आया कि सभी में एक जैसी कार्यप्रणाली थी. फर्जी म्यूल एकाउंट खोलकर अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन फ्रॉड किए गए. म्यूल एकाउंट वे बैंक खाते होते हैं, जो किसी आम व्यक्ति के नाम पर खोले जाते हैं.

# हिमाचल में बादल फटने से 10 लोगों की मौत

**शिमला,2 जुलाई।** पिछले 24 घंटों में बारिश और भूस्खलन से संबंधित घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या 10 हो गई है, जब अधिकारियों ने कई लोगों के बह जाने के बाद दो और शव बरामद किए। मंडी राज्य का सबसे ज़्यादा प्रभावित ज़िला रहा है, जहाँ अचानक बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की कई घटनाओं ने व्यापक तबाही मचाई है। क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के कारण मंडी ब्यास नदी में भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले कुछ दिनों में अत्यधिक भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने निवासियों को



सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। मंडी के थुनाग, करसोग के कुट्टी बाईपास, करसोग के पुराने बाजार, करसोग के रिक्की, गोहर के सियांज, गोहर के बस्सी, गोहर के तलवारा, धरमपुर के स्याठी और धरमपुर के भदराना समेत कई इलाकों में बादल फटने से नुकसान की खबर है। बुधवार सुबह 10 बजे तक 282 सड़कें यातायात के लिए बंद रहीं। इसके अलावा 1,361 बिजली ट्रांसफार्मर और 639 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं। मंडी जिले में सबसे ज्यादा 182 सड़कें बंद हुईं, इसके बाद कुल्लू में 37, शिमला में 33 और सिरमौर में 12 सड़कें बंद रहीं। 20 जून को मानसून सीजन की शुरुआत के बाद से, बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में 1 जुलाई तक 51 लोगों की मौत, 103 लोग घायल और 22 लोग लापता बताए गए हैं। अब तक कुल अनुमानित नुकसान 28,339.81 लाख रुपये तक पहुंच गया है।

# जयपुर की 5-स्टार होटल में ईडी की रेड

## महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े संदिग्ध शादी में आए थे

**जयपुर,2 जुलाई।** जयपुर के कूकस स्थित होटल फेयर माउंट में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने रेड की। महादेव बेटिंग ऐप केस में छत्तीसगढ़ रायपुर की ईडी टीम ने ये कार्रवाई की है। महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े लोग एक शादी में शामिल होने के लिए होटल में ठहरे हुए थे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि महादेव बेटिंग ऐप मामले से जुड़े कुछ संदिग्ध होटल फेयर माउंट में रुके हुए हैं। इसी इनपुट के आधार पर ईडी की टीम ने होटल पर दबिश देकर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि बेटिंग ऐप से जुड़े लोग होटल के दो-तीन कमरों में ठहरे हुए थे। ईडी की टीम धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत होटल



में मिले लोगों से पूछताछ कर रही है। 3 महीने पहले जयपुर में सोडाला स्थित एपल रेजीडेंसी में व्यापारी के फ्लैट पर ईडी ने छापा मारा था। 16 अप्रैल को भी जयपुर में ईडी ने मारे थे छापे महादेव बेटिंग ऐप मामले में छत्तीसगढ़ से आई ईडी की टीम ने 16 अप्रैल को जयपुर में ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर पर छापा मारा था। सोडाला स्थित एपल रेजीडेंसी में व्यापारी भरत दाधीच के फ्लैट पर ईडी की टीम ने सर्च किया था। इसके साथ ही महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े लोगों के 60 ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की गई थी। ये कार्रवाई छत्तीसगढ़, भोपाल (मध्य प्रदेश), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), दिल्ली और राजस्थान में एक साथ की गई थी। ईडी को जयपुर से मनी लॉन्ड्रिंग, क्रिप्टो करेंसी और शैल कंपनियों से जुड़े सबूत मिले थे। इसी आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। जयपुर के कई बड़े व्यापारी भी ईडी के रडार पर हैं, जिनके खाते महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े पाए गए। छापेमारी के दौरान कई डॉक्यूमेंट और डिजिटल सबूत मिले थे। महादेव बुक अवैध रूप से करोड़ों का लेन-देन करता है महादेव बुक पिछले कुछ सालों में भारत में सबसे बड़े ऑनलाइन सट्टेबाज प्लेटफॉर्म में से एक बन गया है। यह ऐप और वेबसाइट के जरिए अवैध रूप से करोड़ों रुपए का लेन-देन करता है और क्रिकेट, फुटबॉल जैसे खेलों पर सट्टा लगाता है। इसका नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है। इसमें कई प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी पिछले साल इस घोटाले की जांच की थी और कई करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। महादेव बुक से जुड़े कुछ लोगों को अरेस्ट भी किया था।

# शेख हसीना को 6 महीने की सजा

ढाका,2 जुलाई। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना से जुड़े एक मामले में 6 महीने जेल की सजा सुनाई गई है. स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह फैसला जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाली इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल-1 की तीन सदस्यों वाली बेंच ने सुनाया है. शेख हसीना के साथ-साथ ट्रिब्यूनल ने गैबांधा के गोविंदगंज के शकील अकंद बुलबुल को भी इसी अवमानना फैसले के तहत दो महीने की जेल की सजा सुनाई है. बुलबुल ढाका की एक राजनीतिक हस्ती हैं और वह अवामी लीग की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग से जुड़ी थीं. शेख हसीना के खिलाफ अवमानना का मामला पिछले साल अक्टूबर में कथित तौर पर शकील अकंद बुलबुल के साथ उनके द्वारा किए गए लीक हुए फोन कॉल से जुड़ा था. उस ऑडियो में, हसीना के रूप में पहचानी जाने वाली एक आवाज कथित



तौर पर यह कहते हुए सुनी गई, "मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज किए गए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है." रिपोर्ट के मुताबिक, अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि यह बयान अदालत की अवमानना के बराबर है क्योंकि इसने न्यायिक प्रक्रिया को खतरे में डाला और देश में हुए बड़े पैमाने पर विद्रोह से संबंधित चल रहे मुकदमों में शामिल लोगों को डराने की कोशिश की. यह पहली बार है जब अपदस्थ अवामी लीग की लीडर शेख हसीना को करीब एक साल पहले देश छोड़कर भागने के बाद किसी मामले में सजा सुनाई गई है.

# ग्रामीणों को तहसील कार्यालय में मिलेगा राजस्व रिकार्ड:शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 2 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल, बैगा बहुल्य रेंगाखार जंगल तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री विजय शर्मा स्वयं रेंगाखार के शासकीय स्कूल में आयोजित विशेष राजस्व शिविर में पहुँचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी ली। राजस्व शिविर में उप मुख्यमंत्री ग्रामवासियों और अधिकारियों की उपस्थिति में प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा की। इस शिविर में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा पूरे दिन शिविर में रहे और ग्रामीण , किसानों से प्राप्त आवेदनों की निराकरण की स्थिति की जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, वन अधिकार पट्टा, व्यवस्थापन पट्टा, नक्शा बटांकन, डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जैसे विषयों से जुड़ी समस्याएं आम हैं, जिनके त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि अब रेंगाखार क्षेत्र के ग्रामीणों को अपने राजस्व रिकॉर्ड निकलवाने के लिए बोड़ला नहीं जाना पड़ेगा। सभी आवश्यक रिकॉर्ड अब रेंगाखार तहसील कार्यालय में उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को समय और संसाधन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी बिना भटके, सरल और सुलभ ढंग से शासन की सेवाएं प्राप्त हों।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए आम नागरिकों को प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यो से जुड़े जनप्रतिनिधियों और प्रमुख व्यक्तियों की एक विशेष कार्यशाला का आयोजन 25 जुलाई को किया जाए। इस कार्यशाला का उद्देश्य आमजन को नामांतरण, फौती, बंटवारा आदि राजस्व मामलों की प्रक्रिया की सटीक जानकारी देना है, ताकि वे सही और पूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकें। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से भी अपील की कि वे राजस्व प्रक्रिया को समझें और जानकारी लेकर ही आवेदन करें, जिससे उनके प्रकरणों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा , जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम रुचि शार्दुल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पॉलीथिन मुक्ति के लिए जरूरी है लोग कपड़े के थैलों का प्रयोग करें

**कवर्धा, 2 जुलाई।** कबीरधाम जिले में गांवों और शहरों में कपड़े का थैला का इस्तेमाल कम होता हुआ दिख रहा है गांवों और शहरों में पॉलीथिन में सब्जी , भाजी , बिस्किट , चिप्स खरीदते हुए दिख रहे है । आलम यह है की टमाटर , धनिया पत्ती , आलू , प्याज , गोभी खरीदते समय कपड़े का थैला में सब्जी नहीं खरीद रहे है जिसका परिणाम यह दिख रहा है की गांवों और शहरों में नालियों में झिल्ली दिखती है जो की वातावरण को भी प्रदुषित कर सकती है । जिला प्रशासन को भी पॉलीथिन मुक्त कपड़े का थैला युक्त अभियान पर ध्यान देना चाहिए ।

### गांजा बिक्री: आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले एक फरार आरोपी को नेवई थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन को बरामद किया है पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि 3 मई को मुखबिर की सूचना पर बीएसपी गेट मौहारी मरोदा नर्सरी के पास नेवई में आरोपी कामेश राव एवं यशोदा सिंह को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करते हुए पाये जाने पर दबिश देकर पकड़ा गया आरोपी एम. कामेश राव के कब्जे से 1.280 कि.ग्रा. गांज तथा जूपीटर वाहन, इलेक्ट्रानिक तराजू एवं यशोदा सिंह के कब्जे से 3.452 किग्रा गांजा को जब्त किया था । उक्त प्रकरण का एक अन्य आरोपी प्रभुनाथ सिंहफरार था आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जब्त मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने के लिये वाहन से लाना बताया, जिस पर घटना में प्रयुक्त वाहन एक होंडा सीटी कार को जब्त कर पुलिस ने कब्जा में लिया है।

### लोगों को डरा रहे थे पकड़े गए



**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 1 जुलाई को थाना सुपेला को मुखबीर से सूचना मिली कि राधिका नगर, कोसा नगर एवं न्यू कृष्णा नगर में धारदार लोहे का चाकू, धारदार लोहे का गंडसा एवं धारदार लोहे का पापड़ लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे आरोपियों को पकड़ा । पूछताछ करने पर अपना नाम ईरजात कुरैशी, गोलू जांगडे व भोला गायकवाड़ निवासी न्यू कृष्णा नगर थाना सुपेला का रहने वाला बताया आरोपियों के कब्जे से धारदार लोहे का चाकू, धारदार लोहे का गंडासा एवं धारदार लोहे का चापड़ जब्त किया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सुपेला में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### सोने लॉकेट छीनने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई कांच को युवक के गले में टिकाकर सोने का लॉकट छीनकर भागने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 309 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रकी की है। भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 30 जून को प्रार्थी शत्रुघन लाल (68 साल ) निवासी दुर्गापारा सुपेला ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी आकाश चौहान उर्फ झटका शराब भट्ठी के पास वाद-विवाद कर टूटे शराब की शीशी के कांच को गले मैं टिकाकर गले से सोने के लॉकेट को छीनकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी आकाश चौहान उर्फ झटका को पकड़ा आरोपी के कब्जे से सोने के लॉकेट बरामद किया है।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज स्पर्धा उद्घाटित



**भिलाई, 2 जुलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड-एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह मंगलवार को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, अध्यक्ष सेफी, ओए एवं बीएसपी शतरंज क्लब एन.के. बंछोर, पूर्व ओलंपियन एवं उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद व मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार घोष उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, भिलाई शतरंज क्लब के सचिव अलंकार भिवगड़े एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारीगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि पवन कुमार ने प्रतिभागियों को संदेश दिया कि वे प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से सीखें और दोस्ती की मजबूत नींव भी रखें।

## 1.90 लाख की चोरी,हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**भिलाई,2 जुलाई।** भिलाई अमलेश्वर में 1.90 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी करने वाला बिलासपुर का हिस्ट्रीशीटर निकला। वह बिलासपुर से बुलेट में आया और अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। पुलिस ने चोरी करने एवं जेवर खरीदने वाले सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुकेश देवांगन कबीर नगर अमलेश्वर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 18 मई को घर में ताला लगाकर परिवार सहित ससुराल चंगोरभाठा गया था 19 मई की सुबह वापस आया तो घर का ताला टूटा हुआ था आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर आदि कीमत लगभग 1,90,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर थाना अमलेश्वर में धारा 331 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी के लिए अमलेश्वर एवं एसीसीयू टीम जुटी इस दौरान तकनीकी सहयोग से जानकारी मिली कि थाना सरकण्डा बिलासपुर का निगरानी बदमाश रितेश पाण्डे उर्फ लुटू पाण्डे को उसके साथी सोहन पटेल रायपुर के साथ बुलेट में घटना स्थल के पास घटना के दिन देखा गया था। इस आधार पर टीम को बिलासपुर भेजा गया। जहां रितेश पाण्डे एवं सोहन पटेल को पकड़कर पूछताछ करने पर बताए कि घटना की रात को वे अपने साथी लक्की यादव, तोरवा बिलासपुर के साथ घटनास्थल पर आकर रॉड से मकान का ताला तोड़कर मकान के अंदर घुसकर सोने चांदी के जेवर आदि चोरी किए और चोरी का सामान संतोषी गोस्वामी के माध्यम से सुखनंदन सोनी निवासी सिरगिट्टी को गुलबंद बेचे हैं। शेष सामान रितेश अपने पिता विनय पाण्डे और सोहन पटेल ने अपने रिश्तेदार रमेश पटेल को छिपाकर रखने दिया है। पुलिस ने रितेश उर्फ लुटू पाण्डे (26 साल ) निवासी सरकण्डा, सोहन पटेल (22 साल ) निवासी टिकरापारा, सुखनंदनलाल (55 साल ) सिरगिट्टी, विनय पाण्डे (53 साल ) निवासी सरकण्डा, रमेश पटेल (29 साल ) निवासी गांधी चौक और श्रीमती संतोषी गोस्वामी, (45 साल ) निवासी सिरगिट्टी बिलासपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल,2 जुलाई।** नगर पालिका जामुल में स्वच्छता रैली निकाली गई जिसे नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया । स्वच्छता रैली निकालने का उद्देश्य सिर्फ साफ सफाई ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता रैली के माध्यम से आप सभी आम जनता से अपील किया जाता है कि आप स्वयं स्वस्थ होने के साथ अपने परिवार को भी स्वस्थ रहने प्रेरित करें । कहीं पर भी कचरा इधर उधर या सड़क नाली में न फेंके कहीं पर भी जल भराव की स्थिति न बने नहीं तो इससे कई प्रकार के जलजनित्र बिमारी होने की संभावना रहती है । विशेषकर बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है । अतः आप सभी अपने घर एवं आस पास को साफ रखने के अलावा स्वयं भी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरते । स्वच्छता रैली में उपअभियंता गण सचिन भागवत, के.एन. ताम्रकार, आशा जंघेल, प्रकाश मानिकपुरी, रामू देवांगन, श्यामरतन पटेल, भानू चौहान, अशोक पटेल, शिवनंदन देवांगन, हर्षा मेहरा, तन्नु निषाद, तुकेश सेन, बशीर खान, मोहन वर्मा, बिन्दु साहू, हीरो बाई, सेन कुमार सोनवानी, महेन्द्र परगनिहा, देवकुमार वर्मा, तोरण साहू, हीम्मत मण्डावी, हरीश साहू, पुरूषोत्तम सोनी, राजा पटेल, चुम्मन यादव, मन्नू लाल, पी.आई.यु. गौरव केशरवानी सहित महिला समूह के सफाई मित्रों ने रैली में भाग लिया ।



### जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने किया पौधारोपण

**कवर्धा।** जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर हारोतिमा टीम के सदस्यों के साथ पौधारोपण किया और पौधारोपण का संदेश देते हुए सभी लोगों से विनम्र अपील की प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और पौधे का ख्याल अपने परिवार की तरह रखे ।

## नागरिकों का मकान बनाने का सपना अब होगा पूरा



**रिसाली,2 जुलाई।** रिसाली निगम क्षेत्र के अवधपुरी, सरस्वती कुंज समेत वीआईपी नगर में मकान बनाने का सपना अब पूरा होगा। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली महापौर परिषद की बैठक में विकास शुल्क का अनुमोदन कर दिया। विकास शुल्क जमा कर नागरिक विधिवत मकान निर्माण करने भवन अनुज्ञा ले सकते हे। दरअसल अवधपुरी और सरस्वती कुंज अवैध कालोनी श्रेणी में आता है। बसाहट के लिए बिना अनुमति जमीन की खरीदी बिक्री होने की वजह से मकान बनाने मे समस्या आ रही थी। नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए निगम प्रशासन ने नियमों के तहत कुल 18 खसरों में विकास और समझौता शुल्क लेकर भवन अनुज्ञा और भवन पूर्णता देने का निर्णय लिया है। महापौर परिषद ने निर्धारित विकास शुल्क पर मुहर भी लगा दी है। परिषद की बैठक में एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख, सनीर साहू, ममता यादव, रंजिता बेनुआ, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे। इन खसरों पर पूर्व में बने मकानों को नियमित किया जाएगा। मकान स्वामी विकास शुल्क के साथ भवन अनुज्ञा दर से समझौता शुल्क जमा कर अपना मकान नियमित करा सकते हैं। महापौर शशि सिन्हा निगम क्षेत्र में संचालित 29 सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था और रखरखाव को प्रमुखता के साथ उठाया। परिषद के सदस्यों ने विस्तार से चर्चा कर निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर की गई कार्यवाही पर सवाल जवाब की। परिषद ने निर्णय लिया कि स्वच्छता श्रृंगार के तहत कार्य करने वाले एजेंसी को अंतिम नोटिस जारी किया जाए।

### पीएम फसल बीमा योजना का शुभारंभ
### बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**मोहला 21 जुलाई** । जिला कार्यालय मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के सभा कक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत जिले में 7 जुलाई 2025 तक फसल बीमा सप्ताह मनाया जाएगा। यह योजना भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुमोदित है। खरीफ 2025 मौसम हेतु जिले की अधिसूचित फसलें हैं।

## विधायक के प्रयासों से रामनगर में विकास कार्य के लिए 95 लाख रुपए स्वीकृत



**भिलाई, 2 जुलाई।** वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत निगम जोन.2 के रामनगर मुक्तिधाम के समीप रोडए नाली और पुलिया निर्माण के लिए 95 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गई है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि 15वें वित्त आयोग अनटाइड ग्रांट ;निर्माण कार्यद्ध अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने यह अनुमति प्रदान की है। सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि आवंटित राशि से मुक्तिधाम के समीप गणेश मंच से गणेश चन्द्राकर निवासए तैलिक भवन के सामने गली एवं प्रगति स्पोर्ट्स के पास रोडए नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य होगा। बहुप्रतीक्षित इस कार्य का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था जिस पर नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने आवश्यकता व मांग अनुरूप तत्काल कार्य स्वीकृति दी हैए जिसके लिए विधायक रिकेश ने उप मुख्यमंत्री साव को धन्यवाद प्रेषित किया है।

## भिलाई गोलीकांड की बरसी पर छमुमो ने मनाया शहीद दिवस



**भिलाई, 2 जुलाई।** भिलाई गोली कांड की बरसी पर 1 जुलाई को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने शहीद दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पावर हाउस रेलवे स्टेशन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि श्रमिकों के वेतन विसंगति एवं स्थाईकरण को लेकर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक कामरेड शंकर गुहा नियोगी के नेतृत्व में श्रमिक गण आंदोलनरत थे और 28 सितंबर 1991 को शंकर गुहा नियोगी की हत्या करवा दी गई। इस हत्याकांड के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के श्रमिक भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म परिसर में 01 जुलाई 1992 को आंदोलन कर रहे थे। इस आंदोलन को नियंत्रित करने के दौरान कथित रूप से पुलिस फायरिंग में लगभग 17 मजदूर कार्यकर्ताओं की मृत्यु हो गई थी। जिनकी याद में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले जिला अध्यक्ष जनक लाल ठाकुर एवं भीमराव बागड़े सहित अन्य प्रतिनिधियों के नेतृत्व में 01 जुलाई को लगभग समय 10 बजे से 17 बजे तक प्रतिवर्षानुसार भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक- 01 में शहीद दिवस मनाते हुए शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## छत्तीसगढ़ के तीन और खिलाड़ियों ने जीते पदक




**भिलाई, 2 जुलाई।** दावनगेरे, कर्नाटक में 22 से 30 जून तक चली राष्ट्रीय सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर (महिला व पुरुष पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ी शैलेश थवाइत ने 74 किलो वजन वर्ग में 265 किलो डेड लिफ्ट कर रजत पदक जीता है । इसी प्रकार ब्लेसन बॉस्को ने 93 किलो वजन वर्ग में स्क्वाट इवेंट में 315 किलो तथा डेडलिफ्ट इवेंट में 280 किलो लिफ्ट कर दो कांस्य पदक जीता है, उपरोक्त दोनों खिलाड़ियों ने सीनियर वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है तथा दुष्यंत मोहंती ने जूनियर वर्ग में स्क्वाट इवेंट में 305 किलो लिफ्ट कर कांस्य पदक जीता है । जयदीप साहू ने सीनियर वर्ग के 66 किलो भार वर्ग में कुल 477 किलो लिफ्ट कर 8वा स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के पहले दिन 59 भार जूनियर वर्ग में खुशाल पटेल ने नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई थी ।

## जब दृष्टि छिनी, तब दृष्टिकोण ने बनाई राह, बीएसपी कर्मी की प्रेरक यात्रा



**भिलाई, 2 जुलाई।** हाल ही में आयोजित सेल -स्तरीय ए आई एंड यू ऑनलाइन प्रतियोगिता में, जो कर्मचारियों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक आंतरिक पहल के रूप में आयोजित की गई थी, सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के पांच कर्मचारियों ने व्यक्तिगत या पेशेवर जीवन में एआई के प्रभावी उपयोग को प्रस्तुत कर इस प्रतियोगिता में पुरस्कार और सराहना प्राप्त की। इनमें से एक थे सौरभ वार्ष्णेय, जिनकी कहानी प्रेरणादायक है। वर्ष 2001 में भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में बतौर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अपने करियर की शुरुआत करने वाले सौरभ वार्ष्णेय मार्च 2024 तक इलेक्ट्रिकल इंचार्ज की भूमिका में एसपी-3 में कार्यरत रहे। पर अप्रैल 2024 में अचानक आए ब्रेन स्ट्रोक ने उनके जीवन को झकझोर दिया। इस स्ट्रोक से उनकी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो गई और धीरे-धीरे उन्होंने अपनी दृष्टि पूरी तरह खो दी। डॉक्टरों ने उनका संयंत्र में कार्य करना असुरक्षित बताया। लेकिन सौरभ के लिए खाली बैठना जीवनशैली कभी नहीं रही। उन्हें स्क्रीन रीडर जैसे मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में जानकारी मिली, जो स्क्रीन पर दिखाई देने वाली जानकारी को आवाज़ में बदलकर सुनाते हैं। उन्होंने मोबाइल का इस्तेमाल बिना देखे करना सीखा। इसी यात्रा में उन्हें मेटा एआई स्मार्ट ग्लासेस के बारे में पता चला। भारत में उपलब्ध न होने के कारण उन्होंने अक्टूबर 2024 में अपने एक मित्र से अमेरिका से इस एआई इनेबल्ड चश्मे को मंगवाया। ये चश्मा उनके जीवन का सहारा बन गया। इसकी सहायता से वे ईमेल पढ़ना, उनका जवाब देना, कॉल अटेंड करना, व्हाट्सएप मैसेज सुनना और भेजना, दस्तावेज़ पढ़ना, त्रुटियाँ पहचानना, नोट्स का सारांश समझना और सामने खड़े व्यक्ति का विवरण जानना जैसे कई कार्य अब सामान्य रूप से कर पाते हैं। उनका यह जज़्बा और तकनीक के प्रति उत्साह यह साबित करता है कि यदि मन में सीखने और कुछ कर गुजरने की चाह हो तो दुनिया का कोई भी अंधकार, मार्ग अवरुद्ध नहीं कर सकता।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की सभा के लिए बैठक में जिम्मेदारी तय



**भिलाई, 2 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के भिलाई नगर विधानसभा प्रभारी महेन्द्र गंगोत्री ने मंगलवार को सेक्टर-5 कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जहां उन्होंने 7 जुलाई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आगमन की जानकारी दी और साइंस कॉलेज ग्राउंड में होने वाली किसान, जवान और संविधान जनसभा की रूपरेखा से अवगत कराया। प्रभारी गंगोत्री ने बताया कि, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा के लिए साइंस कॉलेज मैदान तय किया गया है और जनसभा सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पार्षद और वार्ड प्रभारियों से कार्यकर्ताओं के आने-जाने के लिए वाहनों की सुविधा, पार्किंग और भोजन की व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा कर जिम्मेदारी तय की। बैठक में प्रदेश महामंत्री धर्मेन्द्र यादव, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी पटेल, दानेष्वरी साहू, प्रमोद प्रभाकर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिहा, राकेश श्रीवास्तव, एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, आदित्य सिंह, पार्षद शुभम झा, उमेश साहू, सेवन ठाकुर, गुड्डू खान, राकेश ठाकुर ने जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई। बैठक में पूर्व पार्षद,यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में चलाया गया सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान



**भिलाई, 2 जुलाई।** स्वच्छ भारत मिशन 2 के तहत आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर 1 से 30 जुलाई तक मिशन के प्रमुख सिद्धांत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रथम दिवस में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन जोन क्र. 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार के वार्ड क्र. 41 छावनी स्वामी आत्मानंद स्कूल में अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। वार्ड क्र. 45 बालाजी नगर पठान मोहल्ला में स्वच्छता के प्रति जागरूक होने एवं जल जनित बीमारियों के बचाव हेतु अभियान चलाया गया। हम सब ने ठाना है डेंगू मुक्त शहर बनाना है के नारे लगाकर रैली निकाली गई। इसी प्रकार जोन 01 नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 05 कोसा नगर में पीआईयू शुभम पाटनी के नेतृत्व में प्राइमरी स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केम्प-01 में जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह द्वारा उपस्थित बच्चो को हाथ की स्वच्छता, घर की स्वच्छता, पड़ोस की स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता, स्वच्छ नाली व जल निकास एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के बारे में जानकारी दी गई।

**एक नजर**

## सिमगा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मंत्रीद्वय से की मुलाकात



**सिमगा।** क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सभापति, सदस्यगण आदि जनप्रतिनिधियो ने एक एक करके मंत्री टंकराम वर्मा एवं मंत्री केदार कश्यप से रायपुर में मुलाक़ात की है। मुलाक़ात करके अपने अपने जनपद क्षेत्र की समस्याओं को मंत्रीद्वय को अवगत करवाया गया। मंत्रीयों ने आश्वस्त किया की समस्याओं का जल्द ही निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, मंत्री प्रतिनिधि करन वर्मा , सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे , जनपद सदस्य जीत त्रिलोक कुर्रे , मधु विष्णु कोसले , सुरेश साहू. अंजू पटेल , विनीता सत्य जोगी. संजू लहरी खोमलाल साहू. अश्वनी पाल . कमल बंजारे , आदि सहित सिमगा क्षेत्र के ग्रामो के सरपंच उपसरपंच आदि भी उपस्थित थे।

## 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी गैंदुराम ध्रुव पिता बलभद्दर ध्रुव की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पुत्र द्वारिका ध्रुव पिता गैंदुराम ध्रुव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## उर्वरकों का भंडारण-वितरण कार्य प्रगति पर

**दुर्ग।** जिले में मानसून सक्रिय होने के पश्चात् से खरीफकृषि कार्य में तेजी आई है। बुआई हेतु मौसम अनुकुल होने से खरीफ फसल बुआई कार्य प्रगति पर है। कृषकों की मांग अनुसार उर्वरकों का प्राथमिक सहकारी समितियों एवं निजी प्रतिष्ठानों में भण्डारण एवं वितरण प्रगति पर है। उप संचालक कृषि से मिली जानकारी अनुसार जिले में उर्वरक की अद्यतन स्थिति यूरिया-27600 मि.टन, सिंगल सुपर फास्फेट-18310 मि.टन, पोटाश-5700 मि.टन, डी.ए.पी.-5267 मि.टन, 12:32:16-3666 मि.टन व अन्य 17484 मि.टन कुल 78027 मि.टन का लक्ष्य के विरूद्ध यूरिया-20642 मि.टन, सिंगल सुपर फास्फेट-14223 मि.टन, पोटाश-5283 मि.टन, डी.ए.पी.-6744 मि.टन, 12:32:16-978 मि.टन व अन्य 4773 मि.टन अद्यतन वितरण प्राथमिक सहकारी समितियों एवं निजी प्रतिष्ठानों के माध्यम से कृषकों को किया गया है।

## दिशा की बैठक 3 को

**दुर्ग।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में 03 जुलाई 2025 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 3.30 बजे आयोजित की गई है।

## सामान्य सभा की बैठक 9 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 09 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

## प्रकियाधीन जांच प्रकरणों को किया गया निराकृत

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में कार्यालय कलेक्टर कोरबा में विगत वर्षो से 06 कमर्चारियों का प्रक्रियाधीन विभागीय जांच प्रकरण का पूर्ण जांच कर निराकरण किया गया हैं। जिसके अंतर्गत पाली विकासखंड के तहसील कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड - 02 कमल कुमार यादव 16 जून 2016 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। विभागीय जांच में कमल कुमार यादव पर आरोपित आरोप प्रमाणित पाए जाने के कारण छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् कमल कुमार यादव, सहायक ग्रेड-02 को बर्खास्त किया गया हैं। इसी प्रकार भैंसमा तहसील अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर में पदस्थ विमल सिंह, पटवारी (निलंबित) द्वारा ऋष्ठा पुस्तिका का पन्ना पूरा कर जाने पर नया ऋष्ठा पुस्तिका बना कर देने में 10 हजार की मांग करना एवं फौती नामांतरण पट्टा विभाजन एवं रिकार्ड दुरूस्ती करने के लिए 80 हजार की मांग करने के संबंध में निलंबन उपरांत विभागीय जांच संस्थित किया गया था।

## आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगगांव ।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे नेदैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 3 लाख 60 हजार रूपए तथा डोंगरगांव तहसील में अतिवृष्टि से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए, अतिवृष्टि से एक झोपड़ी आंशिक क्षति होने पर 3200 रूपए, अतिवृष्टि व भूस्खलन से 2 फसल क्षति होने पर 10 हजार रूपए, नदी के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# खड़े ट्रक से जा टकराई सवारियों से भरी बस

### कटघोरा-अंबिकापुर हाईवे में बड़ा हादसा

**कोरबाः** जिले के बांगो थाना अंतर्गत बरौदखार के पास आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में यात्री बस पर सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। यात्रियों से भरी बस अम्बिकापुर से रायपुर की ओर जा रही थी।

बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। इसी दौरान बस जिसे ही बांगो थाना इलाके के बरौदखार के पास पहुंची, सड़क किनारे खड़ी एक ट्रेलर से जा टकराई। पूरी घटना सुबह होने से ठीक पहले की बताई जा रही है।

दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, बस का अगला हिस्सा बुरी तरह



क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस के सामने बैठा एक यात्री गंभीर रूप से घायल होकर सीट में फंस गया। उसे लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद बांगो पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। राहत और बचाव कार्य घटना की सूचना मिलते ही बांगो थाना प्रभारी सहित डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायल यात्रियों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी उपरोड़ा में भर्ती कराया गया है।

घटना को अंजाम देने के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरे बस में शिफ्ट कर आगे के लिए रवाना किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितीश ठाकुर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 2 कृषि केंद्रों को नोटिस

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार क़ो निरीक्षण टीम द्वारा कमी पाए जाने पर 2 कृषि सेवा केंद्रों क़ो नोटिस जारी किया गया।

विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा अशोक कृषि केंद्र एवं साहू कृषि सेवा केंद्र धाराशिव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में संधारित कीटनाशक स्कंध एवं उसका मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था तथा कृषकों को निर्धारित प्रारूप में बिल भी नहीं दिया जा रहा था।इस कारण दोनों कृषि केंद्रों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।



विकासखंड भाटापारा के निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा जैन लोहा बाडा, भाटापारा एवं प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति गुर्रा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ससहा कृषि केंद्र पलारी का निरीक्षण किया गया तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कृषि केंद्र का संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए। उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि जिले में संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि कृषकों को विक्रय किए गए सामग्रियों का पक्के में बिल अवश्य प्रदान करें तथा किसानों का हस्ताक्षर कराकर एक प्रति विक्रय केंद्र में संधारित किया जाए।

## नक्सलियों ने एक और ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या की है। इस वारदात के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। वहीं वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला उसूर थाने के पेरमपल्ली गांव की है। यहां नक्सलियों ने कवासी हूंगा नाम के ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। नक्सली देर रात गांव पहुंचे और कवासी हूंगा को घर से बाहर निकालकर धारदार हथियार से उस पर वार किया। इस हमले में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण को मौत के घाट उतारा है।

## साइंस कालेज कैंपस के बंगले में रहेंगी महापौर मीनल चौबे

■ दो दशक बाद बदलेगा महापौर आवास

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे नगर निगम के नलघर चौक के पास वाले परंपरागत बंगले में नहीं रहेंगी। उनके लिए साइंस कालेज कैंपस स्थित बंगले का रंगरोगन और मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग करा रहा है। वहां इसके पूर्व संसदीय सचिव के पद पर रहते हुए विकास उपाध्याय रहते थे। उसी बंगले को नगर निगम की महापौर मीनल चौबे को आवंटित किया गया है।

इस बंगले के दरवाजे पर महापौर के नाम का बोर्ड भी लगा दिया गया है। यही नहीं, रथयात्रा के दिन शुभ मुहूर्त देखकर महापौर मीनल चौबे ने बंगले विधि-विधान से पूजा अर्चना भी करा ली है। मरम्मत का काम पूरा होते ही वे जल्द जीई रोड स्थित साइंस कालेज कैंपस के महापौर बंगले में रहेंगी।



नगर निगम के इतिहास में 20 साल बाद महापौर बंगला बदल रहा है। अभी तक ओसीएम चौक के पास स्थित नगर निगम के पुराने बंगले में महापौर का निवास हुआ करता था।

लेकिन नलघर चौक स्थित पुराना महापौर बंगला काफी जर्जर हो गया है। इसे तैयार होने में ज्यादा समय लगेगा। इसे देखते हुए साइंस कालेज कैंपस स्थित बंगला एलाट किया गया है, इसके रंगरोगन और छिटपुट मरम्मत का काम पूरा होते ही शिफ्टिंग कर ली जाएगी। रथयात्रा के दिन बंगले में पूजा अर्चना कर ली है। महापौर वाला पुराना बंगला संबंधित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

## कलेक्टर-एसपी ने पशु प्रबंधन को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी रजनेश सिंह ने आवारा पशु प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी पशु मालिकों को अपना जानवर अपनी देखरेख और निगरानी में रखने को चेताया है। आवारा छोड़ने पर भारी जुर्माना किया जाएगा। एसपी ने कहा कि मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना होने पर पशु मालिक को भी सह आरोपी बनाया जाएगा। बैठक में जिले के सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, जोन कमिश्नर और नगरपालिका अधिकारी, पशु चिकित्सा विभाग और ट्रैफिक पुलिस उपस्थित थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बरसात में सड़कों पर मवेशियों के बैठ जाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। सभी विभाग आपस में मिलकर इसे रोकने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शहरों में ऐसे जगह चिह्नित करें, जहां मवेशी ज्यादा बैठे होते हैं।

# शराब पीने के लिए मांगी रकम मना करने पर घोंप दी कैंची

**बिलासपुर।** नगर निगम के पंप हाउस में युवक ने ड्राइवर से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। मना करने पर युवक ने ड्राइवर के सीने में कैंची घोप दी। लहूलुहान ड्राइवर ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घुरु अमेरी में रहने वाले सतीश कुमार नगर निगम में ड्राइवर हैं। वे सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक ड्यूटी पर थे। ड्यूटी के बाद वे वाहन लेकर पंप हाउस पहुंचे। वहां पर वाहन को खड़े करने के बाद साथियों के साथ वहां बैठे हुए थे। तभी वहां पर मोहल्ले में रहने वाला नितेश मिश्रा नाम का युवक आया। उसने ड्राइवर से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। ड्राइवर ने उसे रुपये देने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर युवक ने ड्राइवर के सीने में कैंची घोप दी।

इससे ड्राइवर लहूलुहान हो गया। हमले में गंभीर रूप से घायल ड्राइवर वहीं पर गिर गया। साथियों को साथ लेकर वह किसी तरह सिविल लाइन थाने पहुंचा। लहूलुहान ड्राइवर को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उसकी शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

बिलासपुर में कुछ दिन पहले पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद देखने को मिला था, जहां पत्नी को पति का शराब पीने का विरोध करना भारी पड़ गया। जब महिला ने उसके दोस्तों को घर से जाने के लिए कहा, तो इसी बात से गुस्से में आकर पति ने अपनी पत्नी की डंडे से पिटाई शुरू कर दी। महिला को मार खाते देख उनका बेटा बीच-बचाव करने लगा, जहां शराब के नशे में धुत पति ने अपने बेटे की भी डंडे से पिटाई की।

## जेल अधीक्षक की शिकायत कर्मचारियों ने कलेक्टर से की

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला जेल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां महिला प्रहरियों और अन्य कर्मचारियों ने जेल प्रशासन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। महिला जेल प्रहरियों ने कांकेर कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपते हुए सहायक जेल अधीक्षक रेणु ध्रुव पर मानसिक और कार्यस्थल पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि रेणु ध्रुव और उनके पति बालकृष्णा चिन्ना द्वारा कैदियों के परिजनों से अवैध वसूली की जाती है। आरोप है कि, मोटी रकम लेकर कैदियों को उनके परिजनों से मिलने, उन्हें खाना, मोबाइल फोन जैसी सुविधाएं देने की छूट दी जाती है।

## जनदर्शन में श्रवणबाधित को मिला तत्काल श्रवण यंत्र



**बलौदाबाजार-भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु समाबंधित अधिकारियों क़ो निर्देशित किया। इस दौरान वर्षो से सुनाई देने की समस्या से जूझ रहे कृष्ण कुमार वैष्णव ने अपनी समस्या बताई जिस पर कलेक्टर श्री सोनी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए समस्या के समाधान हेतु समाज कल्याण विभाग के अधिकारी क़ो श्रवण यन्त्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

विकासखंड पलारी के ग्राम ओडान निवासी कृष्ण कुमार वैष्णव जनदर्शन कार्यक्रम में आशा की किरण लेकर पहुंचे थे। वर्षों से कान से सुनाई न देने की समस्या से जूझ रहे कृष्ण कुमार ने अपनी परेशानी को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दीपक सोनी से सीधे अपनी बात रखी। कलेक्टर श्री सोनी ने उनकी बात को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल कार्यवाही करने को कहा। विभाग द्वारा तुरंत पहल करते हुए कृष्ण कुमार को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। श्रवण यंत्र पाकर भावुक हुए कृष्ण कुमार ने कहा - मैं वर्षो से इस समस्या से परेशान था। आज जनदर्शन के माध्यम से मुझे न केवल सुनने की शक्ति मिली है, बल्कि शासन और जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का अनुभव भी हुआ। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का हृदय से आभार प्रकट करता हुँ जिन्होंने समस्याओं से त्वरित रूप से समाधान दिलाने के लिए जनदर्शन कार्यक्रम चला रहे है।

## खाद्य विभाग की अवैध घरेलू गैस सिलेंडर पर कार्रवाई

### 14 नग गैस सिलेंडर जब्त



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर भण्डारण व विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार क़ो खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानो में दबिश देकर 14 नग घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलु गैस सिलेंडर अधिक दाम में विक्रय करने के संबंध में शिकायते प्राप्त होने पर जिला मुख्यालय में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान साक्षी सीएससी सेंटर से 04 नग भरे हुए एवं 03 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर, सखी सेंटर रोमा नागदेव से 04 नग भरे हुए एवं 03 नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर कुल 08 नग भरे हुए एवं 06 नग खाली गैस सिलेण्डर जब्त कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

## ग्रामीण अंचल के चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



**बलौदाबाजार।** एक जूलाई को चिकित्सा दिवस के अवसर पर दूरस्थ ग्रामीण अंचल में सेवा कार्य कर रहे चिकित्सको को श्रीफल एवं गमछा देकर, सम्मानित किया गया, तथा रामकृष्ण अस्पताल में जरूरतमंद मरीज को तीन यूनिट रक्तदान भी किया गया,।रायपुर जिला के सहसंयोजक एवं सेन समाज के जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों में सेवा कार्य कर रहे हैं एवं कोरोना संक्रमण काल में सेवाएं देने वाले चिकित्सको, का सम्मान करते हुए 1 जुलाई को डॉक्टर बिधान चंद्र राय, के जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया गया ,इस अवसर पर ग्रामीण अंचल के चिकित्सक डॉ कामता प्रसाद साहू ,डॉ ओम प्रकाश वर्मा, डॉ जितेंद्र शुक्ला, डॉ कोमल राम साहू, डॉ पुनीत राम साहू ,को श्रीफल एवं गमछा देकर उनके उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया, एवं रामकृष्ण अस्पताल में दूरस्थ ग्रामीण अंचल से एक जरूरतमंद मरीज, को तीन यूनिट रक्तदान भी किया गया रक्तदाताओ में भूपेश पटेल, प्रदीप भाई, एवं पवन भाई, ने रक्तदान कर जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डॉक्टर-डे पर भारतीय चिकित्सा इतिहास के गौरवशाली पक्ष की जानकारी दी

**रायपुर।** शिवोम् विद्यापीठ में डॉक्टर डे के अवसर पर एक प्रेरक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रख्यात चिकित्सक एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. सत्यजीत साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक शैली में चिकित्सा क्षेत्र के विविध पक्षों, स्वास्थ्य जागरूकता और मानवीय सेवाभाव जैसे मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. साहू ने परंपरा और विज्ञान के बीच संतुलन को समझाते हुए कहा कि– ÷परंपरा अनुभव की विरासत है, और विज्ञान परीक्षण की प्रक्रिया; दोनों का समन्वय ही चिकित्सा को सम्पूर्ण बनाता है।÷ उन्होंने भारतीय चिकित्सा



इतिहास के गौरवशाली पक्षों को भी रेखांकित किया और युवाओं को आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों से जुड़ने का संदेश दिया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और डॉ. साहू से विभिन्न जिज्ञासाओं पर प्रश्न किए, जिनका उन्होंने सहज, वैज्ञानिक और प्रभावशाली उत्तर देकर सभी को संतुष्ट किया।

इस कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया विद्यालय के माननीय मैनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रणव शर्मा जी ने, जिन्होंने डॉक्टर डे के अवसर पर सेवाभाव की भावना को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा– सच्चा डॉक्टर वही है जो ज्ञान के साथ करुणा को धारण करता है। उन्होंने डॉ. साहू का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को चिकित्सा जैसे समर्पित क्षेत्र की ओर प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सुचारु रूप से किया गया और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शिवोम् विद्यापीठ सदैव से विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न रचनात्मक, नैतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करता आया है, और डॉक्टर सत्यजीत साहु के व्याख्यान इसी क्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है ।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के एक लाख अस्सी हजार शिक्षक एक बार फिर से एकजुट होकर स्कूलों की पढ़ाई छोड़ सड़कों पर उतरे। शिक्षकों ने राज्य सरकार को साफसाफ और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर अब भी सुनवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में राज्यभर के सभी स्कूलों में तालाबंदी कर वे सभी अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाएंगे और सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा ,विकास राजपूत ,शंकर साहू आदि ने विभिन्न जिलों में आंदोलन का नेतृत्व करते



हुए कहा कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव 2023 के पहले प्रदेश के समस्त शिक्षकों से कई वादा किए थे जिसे मोदी की गारंटी का नाम दिया गया था। जिसमें सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, प्रथम सेवा गणना करने, पदोन्नति करने सहित अनेको लिखित एवं मौखिक वादे किए गए थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद सरकार ने एक भी वादे पूरी नहीं की है,सरकार लगातार शिक्षकों से विवाद मोल ले रहे हैंबसरकार द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद किया जा रहा है स्कूलोंब में शिक्षकों की संख्या दिन प्रतिदिन घटाई जा रही है। प्रदेश के आम जनता को गुमराह किया जा रहा है। शिक्षा में गुणवत्ता लाने की बाते कही जा रही है लेकिन जब शिक्षकों को ही स्कूलों से हटाएंगे और स्कूलों को बंद करेंगे तो कहां से शिक्षा में गुणवत्ता आएगी।

## संपादकीय

# विजन हो तो सुधार होता है

हर सरकार के पास अपना विजन होता है, सरकार का किसी क्षेत्र को लेकर कोई विजन होता है तो उस क्षेत्र में सुधार भी होता है, हर क्षेत्र में सुधार होते हैं तो उससे राज्य का हर क्षेत्र में विकास होता है। जब राज्य में हर क्षेत्र का विकास होता है तो उससे देश विकसित होता है। जब केंद्र व राज्य में एक ही दल की सरकार होती है तो राज्यों के सहयोग देश का विकास तेजी से होता है। केंद्र में मोदी सरकार का लक्ष्य अगले 25 सालों में विकसित भारत के लिए काम करना है। इस काम में भाजपा शासित अन्य राज्यों की तरह साय सरकार भी मोदी सरकार का हर तरह से सहयोग कर रही है। साय सरकार ने कई फैसले ऐसे किए हैं जिससे राज्य के कई क्षेत्र में सुधार हुए तथा जिन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है,वहां आए दिन कैबिनेट की बैठक में फैसले लिए जा रहे है और राज्य के चौतरफा विकास के लिए काम किया जा रहा है। हाल ही में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के कई क्षेत्रों में सुधार के फैसले लिए गए हैं, इससे लोगों को सुविधा होगी तथा राज्य का विकास कई क्षेत्रो में होगा। राज्य की आय भी बढ़ेगी इससे राज्य का जो खर्च बढ़ा है, उसकी पूर्ति हो सकेगी। कैबिनेट की बैठक में पेंशन भुगतान संबंधी दायित्वों के बेहतर प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ पेंशन फंड का गठन किया गया है, इससे राज्य में पेंशन संबंधी कोई दिक्कत आने वाले समय में नहीं होगी। राज्य के विभिन्न विभागों के भवनों व भूमि के सदुपयोग के लिए रिडेवलपमेंट योजना को मंजूरी दी गई है। इससे सरकार को आय होगी तो वह राज्य के विकास के काम आएगी। कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर अपराधीकरण करने के लिए जनविश्वास विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई है, इससे इससे व्यवसाय व जीवनयापन में सहजता आएगी और न्यायालयीन प्रकरणों में कमी आएगी। कैबिनेट में यह भी फैसला किया गया है कि दलहन,तिलहन,मक्का आदि फसल लगाने वाले किसानों को कृषक उन्नति योजना का लाभ दिया जाएगा इससे धान के अलावा अन्य फसलों को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ को दूसरे राज्यों की तरह विकसित बनाने के लिए जो भी फैसले लिए जाने चाहिए, राज्य सरकार ले रही है, इसका लाभ आने वाले दिनों में मिलेगा।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आप कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की दी गई जिम्मेदारियां पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके मन में किसी काम को लेकर कश्मकश बनी रहेगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मेल-मुलाकात करने आ सकता है। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें, लेकिन जल्दबाजी में कोई डिसीजन ना लें। आप अपने घर के लिए कुछ चीजों की शॉपिंग कर सकते हैं। जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको पेट संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा, इसलिए खानपान पर थोड़ा संयम रखें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। भाई बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आपको किसी काम को लेकर संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना पड़ें। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अकस्मात धन लाभ लेकर आने वाला है। आपको अपने धन को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाने की आवश्यकता है। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसका परिणाम आ सकते हैं। आप किसी काम को लेकर थोड़ा समझदारी दिखाएं। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आपको कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। परिवार में आपको सदस्यों में एकजुटता बनाए रखना होगी। आप कहीं घूमने फिरने जाएं, उसमें माता-पिता से आशीर्वाद अवश्य लेकर जाएं। आप अपने बिजनेस में थोड़ा सोच समझकर भी धन लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, नहीं तो बाद में कोई नुकसान हो सकता है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा, लेकिन सेहत को लेकर आपको कुछ जरूरी टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं। आप किसी बात को लेकर थोड़ा टेंशन ले सकते हैं, लेकिन आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते है। आपका किसी नए घर आदि को खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। आप धन को लेकर किसी से कोई वादा ना करें।

**तुला** आज का दिन आपके लिए कुछ नई योजनाओं को बनाने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस में योजनाओं को लेकर काम करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। भाई व बहनों से रिश्तों में यदि कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आप अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में एकाग्र होकर जुटने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में अच्छी सफलता मिलेगी। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। यदि कोई पैतृक संपत्ति को लेकर मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। आपको जीवनसाथी के लिए किसी सरप्राइज पार्टी का प्लान कर सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी काम को लेकर अच्छा खासा खर्च कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन का भी काम शुरू कर सकते हैं। आपकी किसी बात से परिवार में कहासुनी हो सकती है। आप किसी वरिष्ठ सदस्य से काम को लेकर कोई सलाह लें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें, लेकिन आपका कोई मित्र आपके लिए इन्वेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है, जिसमें आप थोड़ा सोच समझकर ही इन्वेस्टमेंट करें, तो ही बेहतर रहेगा।

**मकर** आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है आपको काम के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं। आपके घर मेहमानों का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील हुई थी तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। जीवनसाथी से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर आप विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ले सकते हैं जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगा। आपको अपने काम को लेकर मनमर्जी चलाने से बचना होगा और किसी बाहरी व्यक्ति से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ी सावधानी रखनी होगी।

**मीन** आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपके घर में मनमुटाव बढ़ेंगे, जिससे सदस्यों के बीच कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है और दूरियां आने की संभावना है। आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है। आपको अपने माता-पिता से पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करनी होगी। जीवनसाथी की नौकरी से संबंधित किसी समस्या को लेकर यदि परेशान थे, तो वह दूर होती दिख रही है। आपको अपनी संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना होगा।

## चर्चित मुद्दा

# दुनिया के एक चौथाई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं

**मनोज कुमार अग्रवाल**



संयुक्त राष्ट्र संघ की शिक्षा बारे संस्था यूनेस्को की वैश्विक अध्ययन पर आइ एक ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि लगभग 27 करोड़ 20 लाख से अधिक बच्चों के शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। दुनिया भर में बच्चों किशोरों युवाओं की शिक्षा संबंधी यह रिपोर्ट न केवल मनोवैज्ञानिक धरातल पर चौंकाती है, अपितु विश्व के अति ग़रीब और विकासशील देशों में आज भी करोड़ों बच्चों को समुचित शिक्षा न मिल पाने संबंधी चिन्ता जनक हालात को बयान करती है।एक ओर दुनिया के तमाम देश हथियारों की अंधी दौड़ में शामिल है और अपने कुल बजट का बड़ा हिस्सा हथियारों पर खर्च कर देते हैं। आपको बता दें कि वैश्विक स्तर पर, 2023 और 2024 के बीच शिक्षा सहायता में 12% की गिरावट और 2027 तक 14% की और कटौती होने के कारण कुल शिक्षा सहायता में 2027 तक एक-चौथाई की गिरावट आने की उम्मीद है। यह निम्न आय वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सहायता सार्वजनिक शिक्षा व्यय का 17% है और जहां कटौती से कुछ शिक्षा बजट आधे हो सकते हैं।

2030 तक अपने शिक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशों को प्रति वर्ष लगभग 100 बिलियन डॉलर का वित्तीय घाटा उठाना होगा ।

वैश्विक स्तर पर सरकारों, परिवारों और दानदाताओं द्वारा कुल शिक्षा व्यय में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इससे प्रति बच्चे के आवंटन में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। चार में से तीन देश दो शिक्षा वित्त मानकों में से किसी को भी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस चिन्ता का आधार इस रिपोर्ट का यह अंश बनता है कि इन आंकड़ों में यूनेस्को की पिछली रिपोर्ट से 2.1 करोड़ वंचित बच्चों की वृद्धि दर्ज की गई है। वृद्धि का यह आंकड़ा गरीब देशों में तो विस्तृत हुआ ही है, अनेक विकासशील देश भी इससे अछूते नहीं रहे हैं। निःसंदेह विकासशील देशों के तौर पर इनमें भारत का नाम भी शुमार है हालांकि भारत संबंधी अलग आंकड़े इस रिपोर्ट में नहीं हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार चिन्ता यह भी उपजती है कि विश्व धरातल पर अधिकतर देश शिक्षा संबंधी अपने निर्धारित लक्ष्यों से पिछड़ते जा रहे हैं। इस कारण यह आशंका भी उभरती है कि वर्ष 2025 के अन्त तक शिक्षा से वंचित रहने वाले विश्व भर के बच्चों की संख्या ताज़ा रिपोर्ट के आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के शिक्षा से वंचित रहने के वैसे तो अनेक कारण बताये जा सकते हैं किन्तु वर्तमान में दो बड़े कारण उभर कर सामने आते हैं। इनमें से एक तो यह है कि विश्व देशों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत विकासशील और ग़रीब देशों में स्कूलों में नये प्रवेशार्थियों की संख्या में 80 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है जोकि कुल वृद्धि का 38 प्रतिशत बनती है। मौजूदा व्यवस्था इतनी बड़ी संख्या को सम्भाल पाने में समर्थ नहीं है। शिक्षा के अधिकार से वंचित कुल 27 करोड़ 20 लाख बच्चों में से 11 प्रतिशत अर्थात 7.80 करोड़ प्राइमरी स्कूलों से हैं। सैकेंडरी स्कूल तक के वंचित बच्चों की संख्या 6.40 करोड़ अर्थात कुल संख्या का 15 प्रतिशत और सर्वाधिक संख्या 13 करोड़ यानि 31 प्रतिशत सैकेंडरी से ऊपरी शिक्षा वाले बच्चों की है। स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु न जा पाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का एक और बड़ा कारण अफगानिस्तान और इसके जैसे कुछ अन्य अफ्रीकी कट्टरपंथी देशों में लड़कियों की शिक्षा प्राप्ति के अधिकार पर लगाया गया प्रतिबन्ध है। ऐसे देशों में लड़कियों की शिक्षा पर भांति-भांति के प्रतिबन्ध लगाये जाने से संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था की इस संबंधी रिपोर्ट के आंकड़ों में भारी इज़ाफा हुआ है।

इस रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक धरातल पर बढ़ती जन-आबादी भी स्थितियों की इस भयावहता के लिए ज़िम्मेदार हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र की आबादी संबंधी रिपोर्ट में बताया गया है कि बढ़ी आबादी में 6 से 17 वर्ष तक के बच्चों की संख्या कुल आबादी वृद्धि का 3.1 प्रतिशत अर्थात 4.90 करोड़ है। प्रायः इस आयु को स्कूल जाने वाले बच्चों का आधार रूप माना जाता है। स्कूल शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या में वृद्धि निरन्तर होते जाने का एक और बड़ा कारण विश्व-देशों में हो रहे युद्धों और छिट-पुट लड़ाइयों को भी माना जाता है। इनसे एक ओर जहां देशों में निष्क्रमण और प्रवासन बढ़ता है, वहीं आर्थिक स्थितियों का अवसान भी होता है। ये दोनों स्थितियां स्कूली उम्र के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट में हालांकि यह संकेत भी प्राप्त होता है कि ये आंकड़े कम दर्ज किए गए हैं, क्योंकि विश्व के अनेक भागों में, भिन्न-भिन्न देशों में बाहरी, आपसी और भीतरी सशस्त्र टकराव चल रहे हैं जिनके कारण भीतर तक जा पाना संयुक्त राष्ट्र संघ जांच दलों के सदस्यों के लिए सम्भव नहीं था। अतः ऐसे देशों के शिक्षा से वंचित बच्चों को शुमार करने से स्वाभाविक रूप से यह संख्या और बढ़ेगी।

हम समझते हैं कि मनुष्य के मौलिक एवं निजी अधिकारों के तौर पर, इतनी बड़ी संख्या में बच्चों का शिक्षा जैसे अत्यावश्यक अधिकार से वंचित रहना बेहद चिन्ताजनक है। भारत जैसे देश में सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर में सुधार के स्थान पर गिरावट रहना और प्राइवेट तौर पर शिक्षा का अधिकाधिक महंगे होते जाना भी बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का बड़ा कारण हो सकता है। विकसित एवं धनाढ्य देशों में प्राइमरी से लेकर सैकेंडरी तक की शिक्षा प्रायः सरकारों की ओर से दिए जाने का प्रावधान है। भारत में बड़ी संख्या में गरीब बच्चे फीसों और किताबों का खर्च न उठा पाने के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। सरकारी तौर पर किताबें, स्कूली वर्दी न मिलने से भी बड़ी संख्या में बच्चे प्राइमरी शिक्षा से आगे नहीं बढ़ पाते। गरीब देशों में बचपन से ही बच्चों के कंधों पर रोटी रोज़ी कमाने का बोझ आ पड़ने से भी वे शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं। आपको बता दें कि किसी भी राष्ट्र में खास तौर पर लोकतांत्रिक शासन में शिक्षा किसी भी आदमी का मौलिक अधिकार है। बच्चों को विशेष रूप से शिक्षा आवश्यक तौर पर उपलब्ध कराना सरकारों का कर्तव्य होना चाहिए। भारत जैसे विकासशील देशों की सरकारों का भी यह दायित्व बनता है कि वे सभी बच्चों खास कर गरीब अभिभावकों के बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्त करने को सुनिश्चित बनाएं। शिक्षा के मौलिक अधिकार को प्रत्येक जन तक उपलब्ध करा के ही कोई राष्ट्र सभ्यता के धरातल पर सुर्खरू होकर विचरण कर सकता है।

यूनेस्को की रिपोर्ट हर साल शिक्षा की स्थिति पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जिसमें शिक्षा में असमानता, शिक्षा तक पहुंच, गुणवत्ता और समावेशिता जैसे मुद्दे शामिल हैं. 2024 की रिपोर्ट में, लगभग दस वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाली आबादी में केवल 1% की कमी आई है, और शिक्षा में लगातार कम निवेश, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में, इसका एक मुख्य कारण है यूनेस्को के अनुसार. 2025 तक, 75 मिलियन बच्चों के और स्कूल जाने से वंचित होने की आशंका है। भारत की स्थिति भी शिक्षा के मामले में विशेष बेहतर नहीं है बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों का भारी अभाव लगातार हमारी शिक्षा तंत्र को ढलान पर ला रहे हैं। विश्व भर में शिक्षा के क्षेत्र में अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

# हिन्दू राष्ट्र का ढोल और जातिवाद का आतंक

**निर्मल रानी**



स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा गत एक दशक से देश के बहुसंख्यक समाज को भारत को 'हिन्दू राष्ट्र ' बनाने का सपना दिखाया जा रहा है। देश के अनेक दक्षिणपंथी नेताओं से लेकर तमाम कथावाचक व संत समाज से जुड़े लोग इसी 'प्रोपेगण्डे ' को प्रचारित करने में जुटे हुये हैं। इसी हिन्दू राष्ट्र की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफ़रत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफ़रती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर ज़हर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता,समरसता,समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को 'मनुस्मृति दहन दिवस' के रूप में याद करते हैं। डॉ अंबेडकर ने मनु स्मृति का दहन इसलिये किया था क्योंकि यह ग्रंथ सामाजिक असमानता और जाति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षाओं को बढ़ावा देता है । जबकि मनु स्मृति का विरोध व इसके दहन का उद्देश्य दलितों और शोषित वर्गों के लिए समानता और न्याय की मांग को प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त करना था।

सवाल यह है कि दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है ? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई ? और दूसरे यह कि आख़िर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया। और इस सामूहिक धर्म परिवर्तन समारोह में डॉ. आंबेडकर के साथ उनके लगभग 3,80,000 अनुयायियों ने जिनमें मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे, बौद्ध धर्म स्वीकार किया। आज भी इस सामूहिक धर्म परिवर्तन को भारत में सामाजिक समानता और दलित आंदोलन का एक महत्वपूर्ण क़दम माना जाता है। परन्तु दुःख का विषय तो यह है कि शोषित वर्ग द्वारा किये गये इस धर्म परिवर्तन के बावजूद आज भी मनुवादियों की सोच में कोई अंतर नहीं आया है। बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह जातिवादी विचारधारा गत दस वर्षों में और भी सिर चढ़ कर बोलने लगी है। और तो और अब इस जातिवादी सोच का शिकार केवल दलित समाज के लोग ही नहीं बल्कि पिछड़ी जातियों के लोग भी होने लगे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के इटावा ज़िले में केवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में देखने को मिला। यहाँ भागवत कथा कहने आए यादव समाज से सम्बन्ध रखने वाले एक कथावाचक भागवताचार्य व्यास मुकुट मणि के साथ ब्राह्मण समाज के लोग अत्यंत क्रूरता से पेश आये। कथावाचक को अपमानित किया उनके साथ मारपीट की और उनकी चोटी काटकर इस क्रूरता का वीडियो भी वायरल कर दिया गया। उनका क़ुसूर यही बताया गया कि कथा वाचन कर रहे व्यास, ब्राह्मण समुदाय के नहीं थे इसलिए उनकी चोटी काट दी गई और उनका वीडियो वायरल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाल काटने के बाद 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर भी रखा गया। जातिवादी क्रूरता का अध्याय यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि पीड़ित कथावाचक के अनुसार भागवत कथा के दौरान जो ब्राह्मण महिला परीक्षित थी, उसके पैरों पर कथावाचक की जबरन नाक रगड़वाई गई और उसी ब्राह्मण महिला के मूत्र से उस पर छिड़काव भी किया गया। उस पंडितानी महिला का मूत्र छिड़कने के बाद इन जातिवादियों द्वारा उससे कहा गया कि 'ब्राह्मण का मूत्र तुम्हारे ऊपर पड़ गया अब तुम पवित्र हो गए'। ज़रा सोचिये कि कौन सी शिक्षा व संस्कार हैं जो इस क्रूरता के लिये जाति विशेष के लोगों दूसरी जातियों के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हैं ? दलितों के साथ तो ऐसी घटनाएं गोया आम बात हो चुकी हैं। पिछले दिनों ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना उड़ीसा में हुई जहाँ गोतस्करी का आरोप लगाकर कुछ जातिवादी गुंडों द्वारा पहले तो उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गयी। जब दलित युवक पैसे देने में असमर्थ हुये तो उन दोनों युवाओं को 2 किलोमीटर तक घुटने के बल चलने के लिये मजबूर किया गया। इनके सर के बाल भद्दे तरीक़े से काटे गये उन्हें मारा पीटा गया ,उनके कपड़े फाड़े गये, उन्हें घास फूस खिलाई गयी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें नाले का गन्दा पानी पीने के लिए भी मजबूर किया गया। इस तरह की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं। अफ़सोस यह कि ऐसी क्रूर सोच व घृणित संस्कार रखने वाले लोगों को अनेक संतों व नेताओं का समर्थन भी मिल जाता है और वह मनुस्मृति जैसे जातिवादी धर्म ग्रंथों व संहिताओं से ही ढूंढ कर इन जातिवादियों के पक्ष में तर्क भी पेश कर देते हैं। और ऐसे ही जातिवादी लोगों के पैरोकार व समर्थक ही हिन्दू राष्ट्र व हिन्दू एकता जैसी विरोधाभासी बातें भी करते हैं। और इससे भी बड़ी हास्यास्पद बात यह है कि यह शक्तियां अपनी कुरीतियां छुपाने के लिये अपने धर्म ग्रंथों व संहिताओं का ज़िक्र करने के बजाये मुग़लों का नाम लेने लग जाती हैं। यानी एक ओर तो यह हिन्दू धर्म व संस्कृति को विश्व का सबसे प्राचीन धर्म बताते हैं जिसमे वर्ण व्यवस्था का ज़िक्र और इस व्यवस्था का महिमामंडन जगह जगह किया गया है दूसरी ओर मात्र 1400 वर्ष पुराने इस्लाम धर्म पर अपनी जातिवादी व्यवस्था का ठीकरा फोड़ने की कोशिश करते हैं। दरअसल स्वयंभू उच्च जाति वालों की यह एक सोची समझी रणनीति है जिसके तहत यह लोग हिन्दू राष्ट्र का ढोल पीटते रहते हैं इसी बहाने हिन्दू समाज को एकजुट कर इनका राजनैतिक लाभ उठाने की भी कोशिश करते हैं। परन्तु इनके ग्रन्थ व संस्कार इन्हें जातिवाद का आतंक फैलाने से रोक नहीं पाते।

# महिला आरक्षण की दहलीज़ पर लोकतंत्र: अब दलों को जिम्मेदारी उठानी होगी

**प्रियंका सौरभ**

2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, यानी संविधान का 106वां संशोधन, भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करता है, लेकिन इसकी सफलता महज संविधान में दर्ज होने से नहीं होगी—बल्कि इस पर अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति से तय होगी। वर्ष 2029 के आम चुनावों में यदि यह आरक्षण प्रभावी होता है, तो यह न केवल भारत के लोकतंत्र के लिए निर्णायक मोड़ होगा, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की दिशा भी तय करेगा। इसके लिए राजनीतिक दलों को अभी से व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे। भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6% हैं। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9% से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9% ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारतीय समाज की गहरी पैठी हुई पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। 'सरपंच पति' जैसी प्रथाएँ इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं। राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमज़ोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6% उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी – उन्होंने 13.6% सीटें जीतीं। महिलाओं के सामने आर्थिक संसाधनों की कमी भी एक बड़ी बाधा है। भारत में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा है, और अधिकांश महिलाएं—खासकर ग्रामीण व पिछड़े वर्गों से—स्वतंत्र रूप से इतने संसाधन नहीं जुटा सकतीं। इसके अलावा, राजनीति का वातावरण भी महिलाओं के लिए असुरक्षित और शत्रुतापूर्ण रहता है। उन्हें ट्रोलिंग, चरित्र हनन, और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका आत्मविश्वास डगमगाता है। राजनीतिक दलों में महिलाओं के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षित नेतृत्व विकास, और निर्णय लेने वाली इकाइयों में शामिल करने जैसी संस्थागत व्यवस्थाएँ भी अक्सर अनुपस्थित रहती हैं। महिला मोर्चा बनाकर उन्हें पार्टी के मुख्य ढांचे से अलग कर दिया जाता है, जिससे वे सत्ता के निर्णायक केंद्रों से दूर रह जाती हैं। 2029 के आरक्षण को सार्थक बनाने के लिए राजनीतिक दलों को अब से ही तैयारी करनी होगी। सबसे पहला कदम है—स्वैच्छिक आंतरिक कोटा। टिकट वितरण में 33% महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना केवल आरक्षण की तैयारी नहीं, बल्कि समावेशी लोकतंत्र की दिशा में पहल होगी। ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी जैसी मिसालें बताती हैं कि आंतरिक कोटा राजनीति की संस्कृति को सकारात्मक रूप से बदल सकते हैं। दूसरा आवश्यक कदम है—वित्तीय सहायता और संरचित प्रशिक्षण। राजनीतिक दलों को महिला उम्मीदवारों के लिए अलग चुनावी फंड बनाना चाहिए ताकि वे चुनावी खर्च का बोझ उठा सकें। कनाडा का जूडी लामार्श फंड इसका अच्छा उदाहरण है। साथ ही, पंचायतों और नगरपालिकाओं में सक्रिय महिला प्रतिनिधियों को विधानसभा और संसद स्तर के लिए तैयार करने का नेतृत्व कार्यक्रम भी चलाया जाना चाहिए। महिलाओं को पार्टी की कोर कमेटियों, नीति निर्माण इकाइयों और प्रवक्ता मंडल में भी सक्रिय भूमिका देनी चाहिए। केवल महिला मोर्चा या सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित रखकर नेतृत्व नहीं उभरेगा। IUML जैसी पार्टियों ने हाल ही में कोर नेतृत्व में महिलाओं को शामिल किया है—अन्य दलों को भी यही दिशा लेनी चाहिए। मेंटोरशिप भी एक सशक्त उपकरण हो सकता है। अनुभवी महिला नेता अगर नवोदित उम्मीदवारों को मार्गदर्शन दें, तो आत्मविश्वास, नीति की समझ, और रणनीतिक कौशल विकसित हो सकता है। इसके साथ ही, पार्टी के भीतर महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न या असम्मानजनक व्यवहार को रोकने के लिए सख्त आचार संहिता और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था ज़रूरी है। राजनीतिक दलों के प्रयासों के साथ-साथ मीडिया और नागरिक समाज की भी भूमिका अहम है। मीडिया को महिला नेताओं की नीतिगत भूमिका, वैचारिक दृष्टिकोण और सामाजिक योगदान पर केंद्रित करना चाहिए—ना कि उनके पहनावे, निजी जीवन या विवादों पर। नागरिक संगठनों को भी प्रशिक्षण, जनजागरण और महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में पहल करनी चाहिए। महिलाओं का राजनीति में प्रतिनिधित्व केवल लैंगिक समानता का सवाल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता का भी मापदंड है। यदि प्रतिनिधित्व का आधार केवल पुरुषों की पहुंच और दबदबे तक सीमित रहेगा, तो लोकतंत्र का स्वरूप अधूरा ही रहेगा। महिला आरक्षण केवल एक नीति नहीं, बल्कि नेतृत्व को समावेशी, संवेदनशील और संतुलित बनाने का औजार है। 2029 का चुनाव भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर लेकर आएगा। लेकिन यदि राजनीतिक दल अभी से महिला नेतृत्व को गढ़ने में निवेश नहीं करते—तो यह आरक्षण भी केवल सत्ता में वंशवाद और प्रतीकात्मकता का विस्तार बनकर रह जाएगा।

## टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' को लेकर फैंस में क्रेज, बिना ट्रेलर के इंटरनेट पर मचाया धमाल

टाइगर श्रॉफ की एक झलक पाने के लिए फैन्स बेताब हैं, और इसका ताज़ा उदाहरण है 'बागी 4'। हैरानी की बात यह है कि अभी तक फिल्म का कोई ऑफिशियल टीज़र या ट्रेलर रिलीज़ नहीं हुआ, लेकिन इंटरनेट पर इस फिल्म को लेकर जबर्दस्त क्रेज़ बना हुआ है। फैनमेड पोस्टर, एआई -जनित एक्शन क्लिप्स और नकली ट्रेलर इतने रियल लगते हैं कि लोग इन्हें ऑरिजिनल समझने की गलती कर बैठते हैं। आजकल सोशल मीडिया पर जो सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहा है, वो है "बागी 4 का ट्रेलर लीक" जैसे वीडियो। यूट्यूब से लेकर इंस्टाग्राम रील्स तक, काल्पनिक फाइट सीक्वेंस, एआई से बनी टाइगर श्रॉफ की स्टाइलिश एंट्री, और एडिटेड क्लिप्स ने एक अलग ही माहौल बना दिया है। यह सिर्फ फैन एडिट नहीं हैं, यह एक मूवमेंट है। टाइगर श्रॉफ की 'बागी' फ्रैंचाइज़ी ने हमेशा एक वफादार दर्शक वर्ग तैयार किया है, लेकिन 'बागी 4 के लिए लोगों की दीवानगी पहले से कहीं अधिक दिखाई दे रही है। फेक क्लिप्स के लाखों व्यूज़, कमेंट सेक्शन में फिल्म की तारीफें, और वॉट्सऐप फॉरवर्ड्र्स में वायरल होती फैन थ्योरीज़—यह सब इस बात का सबूत हैं कि जनता इस फिल्म के लिए कितनी उत्साहित है।

## सू-दोकू 97

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.096 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

### राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते स्वर्णपदक

# दंतेवाड़ा की बेटियों ने रचा इतिहास





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,2 जुलाई।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दंतेवाड़ा की बेटियों नुपुर ठाकुर और छाया नाग नेहल ठाकुर ने तेलंगाना के खैराताबाद में आयोजित 11वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है। यह उपलब्धि न केवल दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्रतियोगिता में 8 राज्यों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। तीन दिन तक चले थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ियों ने मेडल जीते, जिसमें दंतेवाड़ा से तीन खिलाड़ियों ने मेडल जीता। नुपुर ठाकुर और छाया नाग की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बेटियों की उपलब्धि

दंतेवाड़ा जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता और सुविधाओं की कमी के बावजूद, नुपुर ठाकुर ,छाया नाग और नेहल ठाकुर ने अपनी मेहनत और लगन से इस उपलब्धि को हासिल किया है। नुपुर ठाकुर ने इससे पहले भी गोवा में आयोजित राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।

### परिवार का समर्थन और प्यार

नुपुर ठाकुर और छाया नाग की सफलता में उनके परिवार का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नुपुर ठाकुर के पिता अर्जुन सिंह ठाकुर किराना व्यवसाई हैं और उनकी माता दयावती ठाकुर बिजली विभाग में बाबू हैं। छाया नाग के पिता कुंवर सिंह ठाकुर शिक्षक हैं और उनकी माता अनिता ठाकुर गृहणी हैं। दोनों बहनों के परिवार ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें समर्थन दिया, जिससे वे अपनी मेहनत और लगन से इस मुकाम तक पहुंच सकीं।चाचा चाची दिनेश ठाकुर और तरुणलता पिंकी ठाकुर ने दोनों बहनों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवार का यह समर्थन और प्यार दोनों बहनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

### दंतेवाड़ा के लिए गर्व की बात

नुपुर ठाकुर और छाया नाग ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है, जबकि नेहल ठाकुर ने रजत पदक जीता है।संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन और टिकेश्वरी साहू के अनुभव और ज्ञान ने दंतेवाड़ा के खिलाड़ियों को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में मदद की। उनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और रणनीति में सुधार किया, जिससे उन्हें प्रतियोगिता में सफलता मिली।

नुपुर ठाकुर ,छाया नाग और नेहल ठाकुर की इस उपलब्धि ने दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात है। उनकी इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। दंतेवाड़ा जिले के लोगों ने नुपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है और उन्हें बधाई दी है।

नुपुर ठाकुर और छाया नाग नेहल ठाकुर को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए, हमें उम्मीद है कि वे आगे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी और दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन करेंगी। उनकी इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि दंतेवाड़ा जिले के युवा किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

## आयुक्त ने जर्जर अटल आवासों की दशा देख नए आवास के लिए आवेदन करने के दिए निर्देश



**भिलाई, 2 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्र. 02 वैशाली नगर क्षेत्र का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड क्र. 23 घासीदास नगर में कई वर्षों पहले वाम्बे आवास, अटल आवास एवं रशने आवास का निर्माण किया गया है, जो वर्तमान में पुरी तरह से जर्जर हो गया है। उन मकानों का प्लास्टर टूट-टूट कर गिर रहा है, जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। उन आवासों में सैकड़ों परिवार अभी भी निवास कर रहे हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित नये आवासों के लिए आवेदन कराने जोन आयुक्त येशा लहरे एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया। साथ ही आवासों के पुर्ननिर्माण हेतु विशेष योजना के तहत शासन को प्रस्ताव भेजने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रं. 21 हेतु 81 लाख व वार्ड 23 के लिए 66 लाख लागत से रोड निर्माण हेतु मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत प्रस्तावित रोड का निरीक्षण किये। रोड निर्माण हेतु पूर्व में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात रोड निर्माण कराया जाएगा। बुद्ध विहार में नाला साफ-सफाई कार्य का अवलोकन किए और कार्य करने वाले कर्मचारियों को ग्लोब्स, मास्क एवं गम बूट पहन कर साफ-सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को निर्देशित किये। कुरूद चौक अमृत मिशन उद्यान का संधारण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें शोभायमान पौधे एवं कारपेट घास लगाकर अन्य आवश्यक कार्य कराने उप अभियंता अर्पित बंजारे को निर्देशित किये।

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें:कलेक्टर

**कांकेर 2 जुलाई ।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास दिलाने, भूमि सीमांकन कराने, भर्ती परीक्षा में शामिल करने, विकलांगता पेंशन दिलाने, स्थानांतरण कराने, कृषि भूमि का कब्जा हटाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी, डीएफओ श्री हेमचंद पहारे, श्री डी.पी. साहू, श्री रौनक गोयल, अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 4 को

**कांकेर 2 जुलाई ।** जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति श्री दिपंकर राय की अध्यक्षता में 04 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे से उप संचालक कृषि कार्यालय कांकेर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग में संविदा भर्ती के लिए चयन सूची जारी

**कांकेर 2 जुलाई ।** मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र हेतु जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेष, कार्यालय पत्र आमंत्रित किया गया था।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना में रेल्वे का रोड़ा



**दंतेवाड़ा 2 जुलाई।** अंदरूनी क्षेत्रों में यात्री बस सेवा संचालित करने शुरू की जा रही मुख्यमंत्री बस सेवा दंतेवाड़ा जिले में खटाई में पड़ती दिख रही है। इसकी वजह नक्सली नहीं, बल्कि केंद्र सरकार का विभाग रेलवे ही है, जिसने लौह अयस्क ढुलाई करने किरंदुल से विशाखापटनम तक रेल लाइन बिछा रखा है। दरअसल, कमालूर में रेलवे ने ग्रामीण सड़कों के लिए कमालूर-पंडेवार मार्ग पर लेवल क्रासिंग, अंडरब्रिज या ओवरब्रिज ही नहीं बनाया है, जिसकी वजह से धुरली से बासनपुर, झिरका, कमालूर होते हुए पंडेवार, कँवलनार, गोंदपाल, केशापुर, मिड़कुलनार, फरसपाल रुट पर वाहनों का चलना संभव नहीं है। कमालूर में रेलवे ट्रैक पार करने की सुविधा मिलने पर इन गांवों के अलावा गीदम ब्लॉक के लोग सीधे सड़क मार्ग से लौहनगरी बैलाडीला से जुड़ सकते हैं। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के लिए जो नया बस रुट प्रस्तावित किया है, उनमें दंतेवाड़ा-बचेली व्हाया पूरनतराई-तुड़पारास-कुपेर-मंगनार-पंडेवार-कमालूर-झिरका-बासनपुर-धुरली-बचेली रुट भी शामिल है।

### तालमेल का अभाव

6 दशक पहले इस केके रेल लाइन बिछाई गई, तब से अब तक रेल्वे और स्थानीय प्रशासन के बीच ग्रामीण सड़कों पर निर्बाध आवाजाही को लेकर कोई तालमेल अब तक नहीं बन पाया है, जिसकी वजह से कमालूर, कुपेर जैसी जगहों पर रेल्वे ने ग्रामीण सड़कों के लिए एक भी लेवल क्रासिंग नहीं दिया। अब रेल्वे लाइन दोहरीकरण कार्य के बाद लेवल क्रासिंग वाले फाटक की मंजूरी मिलना असंभव है, इसकी जगह अंडरब्रिज या ओवरब्रिज देकर इन सड़कों को शुरू किया जा सकता है, लेकिन जिला प्रशासन व रेलवे के बीच इस मामले में कोई संवाद ही नहीं होता है।

### नक्सली पैठ है वजह

रेल्वे की हठधर्मिता की वजह से ही यह इलाका दशको से पहुंच विहीन बना हुआ है, जबकि इस इलाके की लौहनगरी से दूरी बहुत ही कम है। सड़कें नहीं होने की वजह से इस इलाके में पांव जमा चुके नक्सलियों ने तो कमालूर एलओएस तक का गठन कर लंबे समय तक अपनी गतिविधियां चलाई। दंतेवाड़ा से कमालूर व भांसी स्टेशन के बीच कई बार रेल्वे लाइन में तोड़फोड़, मालगाड़ियां गिराने,लोको पायलट व गार्ड से मारपीट, रेल लाइन दोहरीकरण कार्य मे लगे वाहनों में आगजनी जैसी घटनाओं को आसानी से अंजाम देते रहे। इसी वजह से रेल लाइन दोहरीकरण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। इसके बावजूद रेलवे ने इस क्षेत्र में सड़कों के रास्ते मे रोड़े ही अटकाए हैं। फिलहाल, कमालूर व झिरका में फोर्स के कैम्प स्थापित हो चुके हैं। इसके बाद भी रेल्वे लाइन के दूसरी तरफ सड़क संपर्क नहीं पूरा नहीं हो सका है।

## नपा ने कर्मियों के रेनकोट वितरित किया



**भाटापारा, 2 जुलाई।** नगर पालिका परिषद् द्वारा बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी वर्षभर हर परिस्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनकी सुविधा हेतु रेनकोट वितरण एक आवश्यक कदम है।नगर पालिका प्रशासन की इस पहल से कर्मचारियों में हर्ष देखा गया। उन्होंने रेनकोट प्रदान करने हेतु प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सभापति सतीश तलरेजा, पार्षद चंद्रशेखर चक्रधरी, देवेंद्र साहू गोवर्धन डहरिया, शुभम राजपूत, मनीष पंजवानी, स्वास्थ निरीक्षक आनंद राठौर, पार्षद प्रतेश राठौर उपस्थित रहे।अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी वर्षभर हर परिस्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनकी सुविधा हेतु रेनकोट वितरण एक आवश्यक कदम है। साथ ही उन्हें निर्देश दिए की नगर में बरसात के दौरान साफ़ सफाई एवं जल भराव के समस्यों को ध्यान देते हुए तत्पर कार्य करे। इस अवसर पर सभापति सतीश तलरेजा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए रेनकोट वितरण एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान जलभराव एवं स्वच्छता संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## किसानों की मांग के अनुरूप खाद और बीज उपलब्ध कराएं :कलेक्टर

**जगदलपुर, 2 जुलाई।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने कहा कि खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों की मांग के अनुरूप खाद-बीज की उपलब्धता करने सहित आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को वितरण सुनिश्चित करवाएं। आवश्यकता के अनुसार खाद-बीज के लिए वर्कआउट करें और सहकारी समितियों की मांग को समय पर पूर्ण किया जाए, जिससे कृषक खाद-बीज का उठाव समय पर कर सकें। कलेक्टर श्री हरिस मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टेधारकों सहित सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय सुनिश्चित किए जाने कहा। कलेक्टर ने बैठक में अभी तक की वर्षा की स्थिति और खरीफ फसल सीजन हेतु खाद-बीज की मांग व उपलब्धता का संज्ञान लिया और खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण स्थिति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने कहा कि पीजी पोर्टल, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायत वेब, केन्द्र सरकार के पोर्टल में प्राप्त होने वाले शिकायत का निराकरण एक माह से पहले किया जाना चाहिए। विभाग के अधिकारी के साथ-साथ नोडल अधिकारी शिकायत शाखा भी इस प्राथमिकता से निराकरण करवाएं, प्रति सप्ताह तक रिपोर्ट प्रस्तुत सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की भर्ती प्रक्रिया की गतिविधियां की समीक्षा किए।

# बस्तर जिले के शिक्षक फिर उतरे सड़कों पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,2जुलाई।** युक्तियुक्तकरण में हुई गंभीर अनियमितता सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक जुलाई को बस्तर जिले के सभी सातों विकास खण्ड मुख्यालयों में बारिश क़ी झड़ी के बीच उग्र धरना प्रदर्शन कर एसडीएम, तहसीलदार और खंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव तथा संचालक डीपीआई के नाम ज्ञापन सौपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक संगठनों के साझा मंच के द्वारा एक बार फिर से अपनी मांगो को लेकर शासन को घेरते नजर आये। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों में तालेबंदी कि स्थिति रही। वहीं कुछ खुले अधिकांश स्कूलों में माध्यन्ह भोजन के पश्चात छुट्टी कर दी गई। जगदलपुर में मंच को सम्बोधित करते हुए संभागीय संचालक प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि शासन युक्तियुक्तकरण को लेकर जो व्यवस्था आज स्कूलों में बनाई है और 2008 के सेटअप को दरकिनार कर शिक्षकों को प्रभावित किया गया है, जिसके कारण आज स्कूलों में व्यवस्था और बदतर हो गई है। दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण, गलत सेटअप और जुगाड़ वाले अटैचमेंट के बीच चिन्हित शिक्षकों को बचाने और निकालने का खेल काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान देखा गया।

जिला संचालक लुदरसन कश्यप ने कहा कि राज्य में सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम भर्राशाही की गई है। उम्रदराज शिक्षकों तथा महिलाओं को जबरिया अन्यत्र दूसरे विकासखंड और जिले में भेजा गया। जिला संचालक देवराज खूंटे ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के आंदोलन को हल्के में लेने की भूल न करे, और अधिक परेशान न करे, अन्यथा पूरे प्रदेशभर के शिक्षक स्कूलों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जायेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला संचालकगण अजय श्रीवास्तव, आरडी तिवारी, तुलादास मानिकपुरी ने भी मंच को सम्बोधित किया।

शिक्षकों के चार सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को दुरुस्त कर 2008 के सेटअप के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना, सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए समयमान वेतनमान क्रमोन्नति वेतनमान देने हेतु विभाग से जनरल आदेश जारी करने, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन सहित सम्पूर्ण लाभप्रदान करना व डीएड योग्यता धारी को भी प्राचार्य पदोन्नति में शामिल किया जाना शामिल है।विदित हो कि छत्तीसगढ़ के सभी 146 विकास खण्डों सहित बस्तर जिले के सातों विकास खण्ड में शासन के शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। जिसमें जगदलपुर विकास खण्ड में मनीष ठाकुर व अधीन सोरी, दरभा विकास खण्ड में बुधराम कश्यप व महताब बघेल, बकावण्ड विकास खण्ड में शत्रुघन कश्यप व कौशिल्या शोरी, तोकापाल विकास खण्ड में भुवनेश्वर कश्यप व कांशीनाथ बघेल, लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड में कमल साय कश्यप व अमित अवस्थी, बस्तर विकास खण्ड में ईश्वर बंधैया व रुद्रनारायण भारद्वाज तथा बास्तानार विकास खण्ड में कृष्णा लाल गांधरला व हेमन्त मण्डावी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।इस दौरान सतपाल शर्मा, प्रमोद यादव, अधीर राम सोरी, मो ताहिर शेख, अमित पाल, हरेंद्र राजपूत, नीलमणि साहू, प्रकाश सारथी, महेंद्र बघेल, गणेश्वर नायक, संतोष सोनवानी, महेंद्र ठाकुर, सामुराम मौर्य, श्याम सुंदर जान, विकास साहू, अनुपम सरकार, पुष्पा मानिकपुरी, सुमन बघेल, यास्मीन श्रीवास्तव, सरस्वती साहू सहित सैकड़ों शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सरकारी आवास पर महिला कांस्टेबल ने की आत्महत्या

**केशकाल, 2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के केशकाल स्थित सरकारी आवास पर महिला आरक्षक साक्षी पटेल ने मंगलवार रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक दबंग महिला अधिकारी की आत्महत्या की घटना पर लोग हत्या की आशंका भी जता रहे हैं।पुलिस के मुताबिक, मृतक महिला आरक्षक की मंगलवार रात ड्यूटी थी। रात को विभागीय कर्मचारियों ने उनको फोन लगाया। फोन रिसीव नहीं करने की सूरत में अधिकारी सीधे उनके निवास पर पहुंचे।अधिकारियों को जब दरवाजा बंद मिला तो उन्होंने महिला को आवाज लगाई। बाद में कोई जवाब नहीं आने पर अधिकारी दरवाजा तोड़ कर कमरे में घुसे, जहां उन्हें महिला पंखे पर लटकी हुई मिली।

बताया जा रहा कि केशकाल स्थित सरकारी आवास पर महिला अकेली रह रही थी। मृतक के पिता नारायणपुर पुलिस विभाग मे कार्यरत है। केशकाल पुलिस मृतिका के शव को कब्जे में लेकर मौत के कारणों की जांच में जुटी है। जांच के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

## मशरूम की सब्जी खाने से 8 लोग हुए बीमार,3 की हालत गंभीर

**सूरजपुर, 2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में जहरीले मशरूम खाने से 8 लोग बीमार हो गए, जिसमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी का इलाज सूरजपुर जिला अस्पताल में जारी है। दरअसल, सूरजपुर के डेडरी और कोरया गांव के दो अलग अलग परिवार के आठ सदस्य जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल थे। जंगल से जहरीले मशरूम लेकर घर में सब्जी बनाई। मशरूम खाने के कुछ देर बाद सभी की हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद गांव के लोगों के द्वारा उन्हें जिला अस्पताल सूरजपुर ले जाया गया। जहां 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है,जबकि शेष 5 लोगों की स्थित खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं जहरीले मशरूम खाने से परिवार के एक युवक को इतना नशा ही गया कि उसने अस्पताल में घंटों उत्पात मचाया जिससे इलाज करने आए और मरीजों को काफी परेशानी हुई।परिजनों ने इलाज के साथ एक स्थानीय बैगा से अस्पताल में ही झाड़ फूक भी युवक का करने लगे। फिलहाल सभी आठ मरीजों का इलाज जिला अस्पताल सूरजपुर में जारी है। साथ ही डॉक्टर ने आम जानो से अपील की है कि ऐसे जंगली मशरूम ना खाए।

## नक्सली हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अब अन्य विभागों में भी अनुकम्पा नियुक्ति



**दंतेवाड़ा, 2 जुलाई ।** राज्य शासन द्वारा नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों के हित में एक महत्वपूर्ण और मानवीय निर्णय लिया गया है। विगत दिनों मंत्रिपरिषद ने ''एकजाई पुनरीक्षित अनुकम्पा नियुक्ति निर्देश-2013'' की कंडिका 13(3) में संशोधन को मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि शहीद हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर प्रदेश और देश की रक्षा की है। उनके परिजनों को केवल विकल्पहीन नियुक्ति देना न्यायसंगत नहीं था। लंबे समय से शहीद परिवारों की इस मांग को हमने सरकार के समक्ष पूरी गंभीरता से रखा। मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद ने इस निर्णय को पारित किया है। अब शहीदों के परिजनों को विभाग चुनने का अधिकार मिलेगा, जिससे उनकी सुविधा और सम्मान दोनों सुनिश्चित होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस संशोधन के अनुसार, अब नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति केवल पुलिस विभाग तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे राज्य शासन के किसी भी विभाग में, किसी भी जिला अथवा संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कर सकेंगे। पूर्व में यह प्रावधान था कि अनुकम्पा नियुक्ति उसी विभाग में दी जाए, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक सेवारत था। परंतु शहीदों के परिजनों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस नीति में संशोधन कर यह विकल्प प्रदान किया है।

## जिला स्तर पर स्थानांतरित कर्मचारियों को 3 दिन में रिलीव करें विभाग प्रमुख

**दंतेवाड़ा, 2 जुलाई ।** कलेक्टोरेट कार्यालय के तृतीय तल सभा कक्ष में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम जिला स्तर पर कर्मचारियों के स्थानांतरण के संबंध में कहा कि विभाग प्रमुख उनके विभाग से स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को तीन दिवस के भीतर तत्काल रिलीव करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एलडब्ल्यूई एंट्री के तहत संतृप्तिकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि इसके तहत विभागों द्वारा दिए गए डेटा के ऑफलाइन एवं पोर्टल की एंट्री में किसी भी प्रकार का विरोधाभास नहीं होना चाहिए। क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग राज्य एवं केन्द्र स्तर पर की जाती है और आंकड़ों में किसी भी प्रकार का अंतर को स्वीकार्य नहीं किया जाता। इसके लिए समस्त विभाग सावधानी बरतें। इस क्रम में उन्होंने नोनी एवं जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, विश्वकर्मा योजना, टीकाकरण से जुड़े विभिन्न विभागों को डाटा एंट्री में प्रगति लाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने नियद नेल्लानार ग्रामों में चल रहे रोड सड़क निर्माण तथा ग्रिड से विद्युतीकृत घरों के संबंध में भी इसकी साप्ताहिक प्रगति के संबंध में विभाग प्रमुखों से जवाब मांगा।

## शिवरतन की पहल पर सेमरिया मार्ग के लिए 13 करोड रुपये से अधिक स्वीकृत



**भाटापारा, 2 जुलाई।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित मांग को स्वीकृति देते हुए भाटापारा शहर में सेमरिया घाट होते हुए नारायपुर चंदखुरी मार्ग के मजबूती करण कार्य को मंजूरी दी है जिसके तहत चंदखुरी मार्ग तक की सड़क को 13 करोड 8 लाख रूपये की राशि से मजबूत सडक निर्माण कार्य कराया जायेगा उक्त सडक निर्माण की मांग शिवरतन शर्मा के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी उपरोक्त सडक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद चंदखुरी नारायणपुर अमलडिहा ठेलकी बासीन मद्दकू दुधिया नवागांव सेमरियाघाट देवरी खोलवा गांव सहित सूमा केची गांव वालो की भी बेहतर यातायात का साधन सुलभ सड़क के रूप में मिल सकेगा मुख्यमंत्री द्वारा शिवरतन की मांग को स्वीकृति दिये जाने पर शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव माय उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया है वही भाटापारा चंदखुरी नारायणपुर लगभग 13.15 किलो मीटर में डामर मजबूती करण सडक निर्माण कार्य की स्वीकृति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्य मंत्री व शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है आभार व्यक्त करने वालों में राकेश तिवारी सुनील परस राम देवागन पवन वर्मा राजा कामनानी आशीष जायसवाल डबलू सिंग ठाकर प्रदीप अनंत मनेन्दर सिंग सतीश तलोजा गोविंद पटेल मनीष मिश्रा देवेन्द्र साहु सहित अन्य लोग शामिल है।

### 30 सितम्बर तक बंद रहेंगी कांगेर घाटी उद्यान की गुफाएं

**जगदलपुर 2 जुलाई ।** निदेशक कांगेर राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा हेतु तत्काल प्रभाव से आगामी 30 सितम्बर 2025 तक कांगेर राष्ट्रीय उद्यान के अन्तर्गत आने वाले कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा और अन्य सभी गुफाएं आगामी आदेश तक पर्यटन प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी। उक्त अवधि में इन सभी गुफा स्थलों में प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा।

एक नजर

## नियद नेल्लानार क्षेत्र में योजनाओं की प्रगति की बैठक में समीक्षा की

**सुकमा, 2 जुलाई ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में नियद नेल्ला नार क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों एवं शासन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की घोषणाओं की अद्यतन कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं संबंधित विभागों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि शासन की मंशानुसार योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियद नेल्ला नार क्षेत्र जैसे माओवाद प्रभावित अंचलों में शासन की कल्याणकारी योजनाएं विकास की नींव साबित हो रही हैं। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और समय-सीमा में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें।कलेक्टर श्री ध्रुव ने अपने मैदानी भ्रमण में दिए निर्देश व जनदर्शन कार्यक्रमों के दौरान प्राप्त आवेदनों पर दिए गए निर्देशों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति, एवं समय पर पुस्तक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश। साथ ही किसानों को समय पर बीज कीट एवं अन्य कृषि इनपुट वितरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने नियद नेल्ला नार क्षेत्र में शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने और मितानिनों के रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति करने के लिए चिन्हांकन एवं प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश। उन्होंने बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं प्रदान के साथ ही मैदानी अमलों को नियमित निरीक्षण करने की हिदायत दी।नियद नेल्ला नार क्षेत्र में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निरंतर निगरानी हेतु नोडल अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। नोडल अधिकारियों को नियमित भ्रमण कर योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक लेने व वास्तविक स्थिति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# मैनपाट में होगा भाजपा सांसद-विधायकों का प्रशिक्षण शिविर, चौधरी और साय ने लिया तैयारियों का जायजा

**रायपुर,2 जुलाई।** सरगुजा के मैनपाट में भाजपा के सांसदों और विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम होने वाला है. यह कार्यक्रम 7 से 9 जुलाई तक चलेगा, जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह दिल्ली से पहुंचेंगे. कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं. मंगलवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने तैयारियों का जायजा लेने मैनपाट पहुंचे.

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के लिए सभी सांसद और विधायक 6 जुलाई को मैनपाट पहुंचेंगे. कार्यक्रम का शुभारंभ 7 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे. वहीं समापन 9 जुलाई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन के साथ होगा. प्रशिक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत कई वरिष्ठ नेता मार्गदर्शन देंगे.



कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है, जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है. सभी नेताओं के लिए व्यवस्था की जा रही है. निजी होटल और रिजॉर्ट तीन दिनों के लिए बुक हैं. अंतिम चरण की तैयारीयों का जायजा लेने के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मैनपाट पहुंचे. इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण शिविर को लेकर तैयारियों में जुटे कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की।

# शराब के नशे में धुत कार ड्राइवर ने कई वाहनों को मारी टक्कर



**बिलासपुर,2 जुलाई।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत साव गली में शराब के नशे में धुत एक चौकीदार ने कार चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद उसकी मालकिन ने सरेआम युवक की जमकर पिटाई कर दी। यह पूरा घटनाक्रम राहगीरों ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। घटना रविवार की है जिसका वीडियों अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला सड़क पर खड़े एक युवक को थप्पड़ मार रही है और आसपास खड़े लोग तमाशबीन बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि महिला का नाम शिखा नामदेव है, जो साव गली में रहती हैं। आरोपी युवक रामजाने जूना बिलासपुर का निवासी है और नामदेव परिवार के यहां चौकीदारी का काम करता है। जानकारी के अनुसार, रामजाने ने रविवार को नशे की हालत में अपनी मालकिन की ह्यूंडई ईयोन कार लेकर घर से निकल गया। शराब के नशे में कार चलाते हुए उसने साव गली के आसपास खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में एक गर्भवती महिला बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक की लापरवाही से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना का छ्ष्टञ्झड्ढ फुटेज भी सामने आया है, जिसमें युवक की लापरवाही और टक्कर मारते हुए साफ देखा जा सकता है।गौरतलब है कि इस मामले में अब तक पुलिस थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने सभी क्षतिग्रस्त वाहनों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। फिलहाल, घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

# शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 41 लाख की ठगी



**भिलाई, 2 जुलाई।** ऑनलाइन शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 41 लाख से अधिक की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हरियाणा के करनाल जिले से गिरतार किया है आरोपी साहिल सिंघला ने इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग कर झूठे नाम और पहचान से छत्तीसगढ़ निवासी युवक को शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर मोटा लाभ कमाने का लालच दिया पदमनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि विद्युत नगर निवासी मयंकपुरी गोस्वामी ने 27 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 से 21 मई के बीच एक अनजान मोबाइल धारक ने उसे शेयर मार्केट में पैसे लगाकर मुनाफा कमाने की बात कही। लिंक भेजकर फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट से जोड़ा और किस्तों में रुपए ट्रांसफर करवा लिया दुर्गा इंटरप्राइजेस के नाम पर धोखा आरोपी के खिलाफ धारा ×18(4) बीएनएस एवं 66 डी आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान बैंक लेनदेन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सामने आया कि मयंकपुरी ने आरोपी द्वारा बताए गए दुर्गा इंटरप्राइजेस नामक संस्था के खाते में 2 लाख, × लाख और 15 लाख रुपए भेजे थे। यह खाता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में दर्ज था और खाता धारक साहिल सिंघला निवासी मेन बाजार, करनाल (हरियाणा) पाया गया। टीम के साथ करनाल पहुंचे, जहां पता चला कि दुर्गा इंटरप्राइजेस नाम से कोई फर्म अस्तित्व में नहीं है और यह नाम केवल लोगों को गुमराह करने के लिए उपयोग किया गया था। टीम ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया और ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लाया बॉक्स 12 थानों में साइबर फ्रॉड दर्जटीआई ने बताया कि आरोपी शातिर है। उसके खाते में अब तक 20 लाख रुपए जमा होना पाया गया है पूछताछ में पता चला है कि आरोपी के खिलाफ देश के विभिन्न रा'यों के 12 थानों में साइबर फ्रॉड के मामलों में पहले से नामजद है पुलिस अन्य आरोपियों और साक्ष्यों की जांच कर रही है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

## एग्रीस्टैक परियोजना के तहत प्रशिक्षण 3 जुलाई को

**धमतरी 2 जुलाई ।** भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदेश के 3 जिलों धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम को खरीफ मौसम 2025 के लिए डिजीटल फसल सर्वेक्षण हेतु पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयन किया गया है। इसके तहत जिले के सभी तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर भुईयां और प्रत्येक राजस्व मंडल के अच्छे व तकनीकी ज्ञान रखने वाले 2-2 पटवारियों को जिले के मास्टर ट्रेनर द्वारा 3 जुलाई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राजस्व शिविरों का अधिक लोगों को मिले लाभः कलेक्टर



**रायगढ़, 2 जुलाई।** जिले के ग्राम पंचायतों में जनसुविधा की दृष्टि से राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी आज शिविरों के औचक निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने रायगढ़ विकासखंड के ग्राम तरेकेला और पुसौर विकासखंड के ग्राम झारमुड़ा में शिविर का निरीक्षण किया।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने तरेकेला में पंचायत सचिव से त्रुटिपूर्ण खातों की जानकारी और लोगों द्वारा सुधार हेतु किए आवेदनों के निराकरण के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि गांव में शिविर एक लाभ अधिकाधिक ग्रामवासियों को मिलना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि पहले गांव के लोगों तक शिविर आयोजन की जानकारी अग्रिम रूप से पहुंचे। इसके लिए गांव के प्रमुख व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से जानकारी साझा करने के साथ ही मुनादी के जरिए भी लोगों को सूचित करने के लिए कहा। जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर में आ सकें। उन्होंने त्रुटि युक्त खाता धारकों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराते हुए सुधार के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश हल्का पटवारी को दिए और कहा इन शिविरों के आयोजन का उद्देश्य राजस्व खाते संबंधी त्रुटियों का स्थानीय स्तर पर समाधान करना है। जिससे लोगों को अनावश्यक न भटकना पड़े। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि यह अच्छा अवसर है जब गांव में ही शिविर लगाए जा रहे हैं, इसका पूरा लाभ उठाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से चर्चा की और स्कूल में पढ़ाई-लिखाई के संबंध में जानकारी ली।

# पहली बारिश भी नहीं झेल पाई नई सड़क

**बलरामपुर,2 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की विकास की धार इतनी तेज बह रही है कि जनमन योजना के तहत बनी सड़कें पहली ही बरसात में विकास की राह में बह जा रही है,ऐसी ही एक सड़क जो बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लाऊ से गुड़रीकोना पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्र को जाती है इस सड़क पर बनी पाईप पुलीया बह चुकी है जिससे यह सड़क टुटकर दो हस्से में बट गई है जिससे वहां के लोगों का सम्पर्क मुख्यालय से पुरी तरह टूट चुका है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बड़ी ही तेजी से पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्रों में पक्की सड़कों का निर्माण जनमन योजना के तहत करा रही है जो पहली ही बारिश में दम तोड़ती नजर आ रही है,राजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लाऊ गुड़रीकोना में लगभग 1600 लोगों की आबादी है जहां पहाड़ी कोरवाओं की बाहुल्यता है उस बस्ती में लगभग 01 करोड़ 56 लाख की लागत से मार्च 2025 को डामरी सड़क का निर्माण कराया गया था



जो इस पहली बारिश में ही बह गया।

कांग्रेस के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों ने इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर समय समय पर सवाल उठाते रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अभी तक इन सडकों का जांच नही करा पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी कर्मचारी ठेकेदारों के साथ मिलकर जम कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं जिसके कारण जनमन के तहत बन रही सभी सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा लगभग दो माह पूर्व ही इस सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करते हुए राजपुर स्थित पीएमजीएसवाई कार्यालय का घेराव कर सभी सड़कों के जांच करने की अपील किया था, लेकिन जांच आज भी अधर पर है।इस सड़क के दो हिस्सों में बट जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन के साथ साथ राशन,चिकित्सा और शिक्षा जैसी समस्याओं से भी दो चार होना पड़ रहा है,स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क के टूट जाने से मवेशियों को भी चारा चराने के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है यही सड़क है जो जंगल की ओर ले जाता है जहां मवेशियों के लिए प्रयाप्त चारा मिलता है लेकिन अब इन्हे बेहद परेशानी हो रही है।जब इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सवाल खड़े किये थे तब भाजपा के राजपुर मंडल महामंत्री ने अपने लेटर पैड में प्रेस विज्ञेप्ति जारी कर निर्माण कार्य को सही बताया था इसके साथ पीएमजीएसवाई के ईई ने भी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सड़क के गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल को गलत बताया था, लेकिन अब इस क्षेत्र की जनता इस सड़क के बह जाने के बाद उन सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सवाल कर रही है कि आखिर जब इस सड़क को सही बताये थे वह सड़क कैसे बह गई।इस सड़क की बही हुई पुल और सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा लगाए गए आरोप सही साबित हो चुकी है इससे साफ प्रतित होता है कि भाजपा शासन में चल रहे निर्माण कार्य को अधिकारी कर्मचारी ठेकेदारों के साथ मिल कर जम कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं जिस पर छत्तीसगढ़ शासन को कड़ाई करने की आवश्यकता है, जब हमने इस मामले में मौके पर मौजूद पीएमजीएसवाई के एसडीओ से बयान लेना चाहे तो साहब कैमरे को देख कर भागते हुए नजर आए जो उनके कार्यशैली पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

# शासकीय पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 10 जुलाई से

**सुकमा,2 जुलाई।** शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग (30 सीटें), मेकॅनिकल इंजीनियरिंग (30 सीटें) और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (60 सीटें) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में तृतीय चरण के लिए पंजीयन 10 जुलाई से 13 जुलाई तक होंगे, जबकि काउंसलिंग 19 जुलाई (सुबह 10ः30 बजे) से 22 जुलाई (शाम 5ः00 बजे) तक आयोजित की जाएगी। संस्थान में ऑनलाइन एंट्री एवं अभ्यर्थी सुविधा केंद्र की व्यवस्था की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालयीन समय (सुबह 10ः30 बजे से शाम 5ः00 बजे तक) में संस्थान से संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश प्रभारी (मोबाइल- 7999063380), सहायक प्रवेश प्रभारी जयंत कुमार (मोबाइल- 7000700260, 9827895465) और सहायक प्रवेश प्रभारी अंकित चन्द्रवंशी (मोबाइल- 7999625487) से भी संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए www.gpolysukma.in www.cgdteraipur.cgstate.gov.in पर भी अवलोकन किया जा सकता है।माओवाद प्रभावित जिलों के मूल निवासियों के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही, राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शिक्षण शुल्क माफी एवं निःशुल्क पठन सामग्री की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### प्रबंधकों की सीधी भर्ती के लिए आवेदन 12 जुलाई से 30 जुलाई तक

**सुकमा, 2 जुलाई।** जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, सुकमा के अंतर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधकों के रिक्त पदो पर सीधी भर्ती के माध्यम से पदपूर्ति हेतु आवेदन 12 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन, निर्धारित योग्यताएं आयु सीमा, अन्य अर्हताएं चयन प्रकिया परीक्षा कार्यकम, आवेदन का प्रारुप तथा अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय के सुचना पटल एवं वेबसाइट www.cgmfpfed.org तथा sukma.gov.in का अवलोकन कर सकते है।

## खराब रिजल्ट देने वाले प्राचार्यों की कलेक्टर ने ली क्लास

**धमतरी 2 जुलाई ।** कक्षा दसवीं तथा बारहवी मे जिले में खराब रिजल्ट देने वाले स्कूलों के प्राचार्यों की आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने सख्त क्लास लगाई। कलेक्टर ने इन प्राचार्यों से रिजल्ट खराब आने का कारण पूछा। उन्होंने खराब रिजल्ट देने वाले हाई स्कूल के 14 और हायर सेकेण्डरी स्कूल के 15 प्राचार्यों के विरूद्ध वेतन वृद्धि रोकने और 30 प्रतिशत से कम रिजल्ट देने वाले प्राचार्यां को निलंबित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर संचालक, स्कूल शिक्षा को भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेटर ने चालू शिक्षण सत्र में होने वाली तिमाह और छमाही परीक्षाओं में स्कूलों का रिजल्ट सुधारने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने यह भी चेताया कि तिमाह और छमाही परीक्षा में भी रिजल्ट खराब आने पर प्राचार्यों के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए पालकों के साथ बैठक करने और शाला प्रबंधन समिति की नियमित बैठक करने को भी कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले और डीएमसी उपस्थित रहे।

## लायनिजम सत्र के पहले दिन डॉक्टर एवं सीए दिवस पर डॉक्टर्स एवं सीए का सम्मान



**खरसिया,2 जुलाई।** विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल के जिला 3233 के अधीन कार्यरत लायंस क्लब खरसिया सिटी ने विगत 17 वर्षों में समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर सामाजिक सेवा कार्य करते हुए अपना मुकाम हासिल किया है।लायंस क्लब की नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन लायन ऋषि अग्रवाल की अध्यक्षता में नॉमिनेशन कमेटी के सदस्यों द्वारा क्लब के समस्त सदस्यों से परामर्श कर सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन कर नगर की प्रमुख मेडिकल स्टोर के संचालक विभिन्न सामाजिक कार्यों में अग्रणी लायन संजय अग्रवाल (मेडिकल) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ-साथ लायन सुन्दरमल चंदवानी को सचिव एवं लायन विनय कबूलपुरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नॉमिनेशन कमेटी के मार्गदर्शन में क्लब के सभी पदों पर क्लब के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई।नव नियुक्त अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल ने कहा कि वे इंटरनेशनल एवं डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त दिशा निर्देशों के साथ साथ सामाजिक सेवा कार्यों को प्राथमिकता के साथ करते हुए लायंस की गतिविधियों को नई दिशा देंगे।

डॉक्टर्स व सीए दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ने नगर के प्रमुख डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसी के साथ ही लायंस क्लब के नए सत्र 2025-26 की बहुत ही अच्छी शुरुआत हो गई। उपरोक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल (मेडिकल), लायन शिव अग्रवाल (ऐडु), लायन रामनारायण सोनी (संटी), लायन अनिल अग्रवाल, लायन डॉ हितेश गवेल, लायन सुन्दरमल चंदवानी, लायन विनय कबूलपुरिया सहित अनेक लायन उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण से सुरपनगुड़ा में नियमित शिक्षक

**सुकमा,2 जुलाई।** सुकमा जिले के कोंटा विकासखण्ड से लगभग 125 किमी दूर सुरपनगुड़ा गांव बसा हुआ है। चारों ओर से घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा यह गांव अपनी अलग पहचान रखता है। यहां के बच्चे भी बाकी बच्चों की तरह हँसते-खेलते हैं, लेकिन उनकी हँसी स्कूल की दहलीज़ पर पहुंचते ही जैसे धीमी पड़ जाती थी। शासकीय प्राथमिक शाला सुरपनगुड़ा में कक्षाएँ तो थीं, पर नियमित शिक्षक की कमी थी। स्कूल में बच्चों के शिक्षा का जिम्मा शिक्षादूत के हाथों में थी। माता-पिता चिंतित थे, वे चाहते थे कि उनके बच्चे पढ़-लिखकर जीवन में आगे बढ़ें लेकिन शिक्षकों की कमी उनके लिए एक अधूरा सपना बन गई थी। शासन के युक्तिकरण प्रक्रिया से उनके सपनों में जान आई। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा लागू की गई युक्तिकरण योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना करना है। यह योजना सुरपनगुड़ा तक भी पहुँची और एक नई सुबह की शुरुआत हुई। छत्तीसगढ़ शासन के युक्तिकरण प्रक्रिया से कोंटा विकासखंड में स्थित माओवाद प्रभावित नियद नेल्लानार ग्राम सुरपनगुड़ा के प्राथमिक शाला में एक नियमित शिक्षक की नियुक्ति की गई है।उल्लेखनीय है यहाँ पूर्व में प्राथमिक शाला सुरपनगुड़ा में शिक्षादूत के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। इस स्कूल में कोई नियमित शिक्षक नहीं था। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में युक्तिकरण की प्रक्रिया के द्वारा स्कूल में शिक्षकों के पदस्थापना का रास्ता आसान हो गया और सुरपनगुड़ा स्कूल में नियमित शिक्षक की नियुक्ति की गई। संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्र होने के बावजूद वहाँ शिक्षक अपनी जम्मिदारी बखूबी निभा रहे हैं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं। अभिभावक भी शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और अपने बच्चों को लगातार स्कूल भेज रहे हैं।

# 50 परिवारों को बागवानी पौधों का वितरण



**सुकमा,2 जुलाई।** एचडीएफसी बैंक की परिवर्तन पहल के अंतर्गत, आरोह फाउंडेशन के सहयोग से सुकमा ज़िले के 50 ग्रामीण परिवारों को आयवर्धन हेतु बागवानी पौधों का वितरण किया गया।इस पहल का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को फलदार पौधों की खेती के लिए प्रेरित करना है, जिससे न केवल उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हो, बल्कि हरित और सतत् कृषि पद्धतियों को भी बढ़ावा मिले।

मुटोंडा गांव के धर्म नाग इस योजना के प्रमुख लाभार्थियों में से एक हैं। उन्हें पूर्व में 435 जी9 केले के पौधे प्रदान किए गए थे। उन्होंने निष्ठा और मेहनत से एक समृद्ध बागवानी तैयार की है और अपनी ओर से 30 चंदन के पौधे भी लगाए हैं। उनके प्रयास आज उनके परिवार को लाभ पहुँचा रहे हैं और क्षेत्र के अन्य किसानों को प्रेरणा दे रहे हैं।ऐसी पहलों के माध्यम से कई परिवार आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं और एक बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

## एचडीएफसी बैंक और आरोह फाउंडेशन ने 450 किसानों को दिए मैनुअल स्प्रेयर

**सुकमा,2 जुलाई।**स्थायी कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से, एचडीएफसी बैंक ने अपनी परिवर्तन पहल के तहत आरोह फाउंडेशन के सहयोग से सुकमा जिले के 15 गांवों में मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती करने वाले 450 किसानों को मैनुअल स्प्रेयर वितरित किए।

यह छोटी लेकिन महत्वपूर्ण सहायता किसानों के खेती कार्य को सरल बनाएगी,उत्पादकता में वृद्धि करेगी और फसल की गुणवत्ता में सुधार लाएगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे और सीमांत किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# बिजली विभाग के ग्रिड से जुड़ने से अब सौर ऊर्जा से बनी बिजली दे रही आर्थिक लाभ

**रायगढ़, 2 जुलाई।** सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने की तकनीक तो लंबे समय से चल रही है। लेकिन उस बिजली का पूरा उपयोग समय से नहीं हुआ तो अतिशेष बिजली व्यर्थ हो जाती थी। लेकिन पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने इस समस्या का समाधान दिया है। अब छत पर लगे सोलर पैनल से पैदा हुई बिजली में से उपयोग के बाद बची बिजली विद्युत विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर हो जाती है।

इससे उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ भी मिलता है। जितनी यूनिट बिजली वे ट्रांसफर करते हैं उतनी राशि उन्हें बिल में छूट के रूप में मिलती है। योजना के कई हितग्राहियों के हजारों के बिल घटकर शून्य से नीचे जा चुके हैं। रायगढ़ कोड़ातराई के दीपक देवांगन ने अपने घर पर रूफटॉप सोलर पैनल लगवाया है। उन्होंने बताया कि परिवार में 6 सदस्य हैं। घर में घरेलू उपकरण के साथ एसी और कूलर है। 5 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाया है। जिसके बाद उन्हें अपने बिल में फर्क साफ तौर पर नजर आया। अप्रैल 2024 में उनका बिजली बिल 3790 रुपए था। सोलर पैनल लगने के बाद उन्होंने 3177 रूपये की बिजली विभाग को ट्रांसफर की।



वहीं विभाग से अपनी जरूरत के लिए ली गई बिजली की राशि 2256 रूपये रही। जो विभाग को बेची गई बिजली के पैसे से समायोजित हो गई और 921 रूपये अतिरिक्त विभाग के पास बच गए जो इस बिल में माइनस में दर्ज होकर आया है, इसका उपयोग भविष्य में विद्युत विभाग से बिजली लेने पर समायोजित हो जाएगा। दीपक देवांगन कहते हैं कि यह बहुत अच्छी योजना है। इसके दीर्घकालिक सकारात्मक परिणाम हैं। घर पर बिजली पैदा होने से विद्युत विभाग की बिजली की खपत घटेगी और ज्यादा प्रोडक्शन का दबाव कम होगा। जितने अधिक घरों में सोलर यह सिस्टम लगेगा उसका असर उतना व्यापक रूप से दिखेगा। यह पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से भी अत्यंत प्रभावी है।

सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि यह विद्युत विभाग के ग्रिड से जुड़ा होता है। जिससे सोलर प्लेट्स से बनी अतिशेष बिजली ग्रिड में ट्रांसफर हो जाती है। पहले ऑफग्रीड सोलर पैनल में ऐसा नहीं होता था। सोलर पैनल की बिजली उसमें कनेक्टेड इनवर्टर की बैटरी में स्टोर होती थी और उसकी लंबी लाइफ नहीं थी। लेकिन सीधा ग्रिड से जुड़े होने के कारण अब बिजली तुरंत ट्रांसफर हो जाती है और उसका आर्थिक लाभ उपभोक्ता को मिलता है। इसके अलावा अभी जो सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं उनमें बिजली उत्पादन क्षमता पहले से कहीं ज्यादा है। 01 किलोवॉट का पैनल औसतन 4 यूनिट तक बिजली प्रतिदिन पैदा कर सकता है।

एक नजर

## भारत और इंग्लैंड टेस्ट दूसरा मुकाबला आज से

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन के स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया के लिए ये मुकाबला काफी अहम रहने वाला है। इस सीरीज का पहला मैच लीड्स के मैदान पर खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं ऐसे में टीम इंडिया ये नहीं चाहेगी कि वह सीरीज में 2-0 से पिछड़ जाए। इस मुकाबले के लिए मेजबान इंग्लैंड ने जहां पहले ही अपनी प्लेइंग 11 का ऐलान कर दिया था तो वहीं भारतीय टीम की प्लेइंग 11 पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

एजबेस्टन टेस्ट मैच की संभावित टीम को लेकर बात की जाए तो उसमें आप 2 विकेटकीपर को शामिल कर सकते जिसमें एक नाम ऋषभ पंत का तो वहीं दूसरा नाम जेमी स्मिथ का शामिल है। इन दोनों ही प्लेयर्स का लीड्स टेस्ट मैच में बल्ले और विकेट के पीछे शानदार प्रदर्शन देखने को मिला था। इसके अलावा प्रमुख बल्लेबाजों में आप बेन डकेट, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, जो रूट को चुन सकते हैं। इसके अलावा ऑलराउंडर प्लेयर्स में आप बेन स्टोक्स और नितीश कुमार रेड्डी को चुन सकते हैं। वहीं अब गेंदबाजों को लेकर बात की जाए उसमें आप जोश टंग, ब्रेडन कार्स और आकाश दीप को अपनी टीम में शामिल कर सकते हैं। दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी इस ड्रीम 11 टीम में आप कप्तान के रूप में ऋषभ पंत को चुन सकते हैं, जिनका लीड्स टेस्ट मैच की दोनों पारियों में बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला था। वहीं ऐसे में उनसे इस टेस्ट में इसी प्रदर्शन को जारी रखने की उम्मीद की जा सकती है। वहीं उपकप्तान के लिए आप बेन स्टोक्स को चुन सकते हैं, जो गेंद और बल्ले दोनों से कमाल कर सकते हैं।

# जल्द ही जारी होगा एशिया कप का शेड्यूल

## भारत और पाकिस्तान के बीच 7 सितंबर को होगा महामुकाबला



एशिया कप 2025 को लेकर अब चर्चा फिर से शुरू हो चुकी है। सितंबर में इसका आयोजन होना है। इस बीच कहा ये भी जा रहा है कि जल्द ही इसका शेड्यूल जारी हो जाएगा। सभी की नजर इस बात पर है कि भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला किस दिन खेला जाएगा। इसकी तारीख भी सामने आ चुकी है, हालांकि अभी तक आधिकारिक शेड्यूल का ऐलान नहीं किया गया है।

### 5 सितंबर से हो सकता है एशिया कप का आयोजन

अब एशिया कप को लेकर खबर आई है कि इसका पहला मुकाबला 5 सितंबर को खेला जा सकता है। 21 सितंबर को इसका फाइनल खेले जाने की संभावना है।

पता चला है कि एसीसी यानी एशियाई क्रिकेट काउंसिल की ओर से एशिया कप का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है, जिसे जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। टूर्नामेंट करीब 17 दिन तक चलेगा।

### 7 सितंबर को भारत बनाम पाकिस्तान महामुकाबले की संभावना

एशिया कप हो या फिर आईसीसी टूर्नामेंट, सभी की नजर इस बात पर रहती है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला किस दिन होगा। अभी तक जो खबरें निकलकर सामने आ रही हैं, उसमें पता चला है कि 7 सितंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी। इस दिन रविवार है। ये पहला लीग मैच होगा। इसके बाद सुपर 4 में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को एक और मुकाबला खेला जा सकता है।

### यूएई में होगा टूर्नामेंट, भारत रहेगा मेजबान

वैसे तो भारत को इस बार एशिया कप की मेजबानी है, लेकिन खबर है कि पूरा का पूरा टूर्नामेंट यूएई में खेला जाएगा। हालांकि होस्ट तो भारत ही रहेगा। जल्द ही इस पूरे मामले पर भारत सरकार की भी हरी झंडी मिल जाएगी। एशिया कप में इस बार भारत और पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें भी हिस्सा लेती हुई नजर आएंगी।

इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट पर होगा। इसलिए इसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ी तो नहीं खेल पाएंगे। वहीं पाकिस्तान की बात की जाए तो बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी भी शायद एशिया कप से बाहर ही रहेंगे, क्योंकि वे इस वक्त पाकिस्तान की टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं।

# टीम इंडिया की 21 साल की खिलाड़ी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## दिग्गज प्लेयर को पीछे छोड़ पहली पोजीशन पर किया कब्जा

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच को जहां 24 रनों से अपने नाम किया तो वहीं इस मुकाबले में टीम इंडिया की 21 साल की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने ब्रिस्टल के मैदान पर खेले गए सीरीज के दूसरे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 181 रनों का स्कोर बनाया था, जिसमें ऋचा के बल्ले से 20 गेंदों में 6 चौकों की मदद से नाबाद 32 रनों की पारी देखने को मिली।





### ऋचा ने टी-20 इंटरनेशनल में पूरे किए अपने 1000 रन

ऋचा घोष ने इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफअपनी 32 रनों की पारी दम पर टी20 इंटरनेशनल में अपने 1000 रनों का आंकड़ा भी पूरा कर लिया।

ऋचा अब फुल मेंबर्स देशों में सबसे कम गेंदों में टी20 इंटरनेशनल में 1000 रन पूरी करनी वाली खिलाड़ी बन गई हैं। ऋचा ने ये आंकड़ा सिर्फ 702 गेंदों में हासिल किया, वहीं पहले ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका महिला टीम की खिलाड़ी क्लोए ट्रेयोन के नाम पर था, जिन्होंने 720 गेंदों में टी20 इंटरनेशनल में अपने 1000 रन पूरे किए थे। अगर फुल और नॉन फुल मेंबर्स देशों में देखा जाए तो ऋचा आइल ऑफ मैन देश की लूसी बारनेट के बाद दूसरे नंबर पर हैं। लूसी ने 700 गेंदों में टी20 इंटरनेशनल में अपने हजार रन पूरे किए थे।

### अब तक ऐसा रहा है ऋचा का इंटरनेशनल करियर

टीम इंडिया की आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष का इंटरनेशनल करियर देखे तो उन्होंने साल 2020 में अपना पहला मुकाबला 16 साल की उम्र में भारतीय टीम की तरफसे खेला था। ऋचा अब तक 64 टी20 मैचों की 53 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 27.81 के औसत से 1029 रन बना चुकी हैं, जिसमें 2 अर्धशतकीय पारी भी शामिल है। वहीं इसके अलावा ऋचा ने 37 वनडे और 2 टेस्ट मैच भी खेले हैं। ऋचा ने वनडे में 800 जबकि टेस्ट में 151 रन बनाए हैं।

# ईशान किशन ने इंग्लैंड में लगाया लगातार दूसरा अर्धशतक



एक तरफ जहां टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर पहले टेस्ट में हार के बाद दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में जुटी है। वहीं, दूसरी तरफ भारत के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन इस समय इंग्लैंड में अपनी शानदार फॉर्म का जलवा बिखेर रहे हैं। उन्होंने लगातार दूसरे मुकाबले में अर्धशतक ठोक कर सबका ध्यान खींचा है। ईशान किशन इंग्लैंड दौरे पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन वन में बैक टू बैक मैचों में बल्ले से धमाका कर दिया है।

ईशान किशन ने नॉटिंघमशायर की ओर से खेलते हुए 77 रनों की जबरदस्त पारी खेली। सोमरसेट के खिलाफ मैच के तीसरे दिन अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 128 गेंदों का सामना किया और कई बेहतरीन शॉट्स लगाए। उनके बल्ले से 8 चौके और 2 बेहतरीन छक्के देखने को मिले। इस तरह लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जड़ने का कारनामा किया। इससे पहले भी उन्होंने यॉर्कशर के खिलाफ खेलते हुए 87 रनों की शानदार पारी खेली थी। 26 साल के किशन नाटिंघमशर की टीम में साउथ अफ्रीका के काइल वेरेने की जगह शामिल हुए थे। लगातार 2 मैचों में अर्धशतक जड़ने साथ ही उनका काउंटी में इस सीजन का सफर समाप्त हो गया है। बता दें, भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नाटिंघमशर के साथ दो काउंटी मैच खेलने के लिए ही करार किया था।

दो लगातार अर्धशतक जड़ ईशान ने दिखा दिया है कि वो अपने पुराने लय में लौट आए हैं। इंग्लैंड की कंडीशंस में उनका इस तरह प्रदर्शन करना न केवल उनकी काउंटी टीम के लिए फायदेमंद है, बल्कि आने टीम इंडिया के लिए भी अच्छी खबर है। फिलहाल, किशन की इस फॉर्म ने भारतीय चयनकर्ताओं का ध्यान भी खींचा है। इस प्रदर्शन के बाद उनकी टेस्ट और वनडे टीम में वापसी की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं।

# पाकिस्तानी टीम को झटका, तीन महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे उपकप्तान

## कंधे की सर्जरी करवाएंगे शादाब खान, मोहम्मद हैरिस संभाल सकते हैं उपकप्तानी

पाकिस्तानी टीम को आगामी सीजन से पहले बड़ा झटका लगा है। टी20 में पाकिस्तान के उपकप्तान शादाब खान अगले लगभग तीन महीनों तक मैदान से बाहर रहने वाले हैं। ऐसे में उनकी जगह पर पाकिस्तान टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हैरिस उपकप्तानी की जिम्मेदारी को संभाल सकते हैं।

शादाब खान अपने दाएं कंधे में दिक्कत महसूस होने के बाद इंग्लैंड जाकर उसकी सर्जरी करवाएंगे, ऐसे में उन्हें पूरी तरह से सही होने में कम से कम तीन महीनों का समय लगेगा। पाकिस्तान टीम को अगले तीन महीनों में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के अलावा वेस्टइंडीज का दौरा करना है, इसके अलावा त्रिकोणीय सीरीज खेलनी है





जिसमें अफगानिस्तान और यूएई की टीम भी खेलेगी। वहीं इन सभी के बाद सितंबर महीने में एशिया कप में भी खेलना है जो दुबई में आयोजित हो सकता है। ऐसे में शादाब खान का इन सभी सीरीजों से बाहर होना पाकिस्तानी टीम के लिए एक बड़ा झटका जरूर है। टी20 से शादाब खान के बाहर होने के बाद पाकिस्तानी टीम की इस फॉर्मेट में उपकप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के लिए 24 साल के खिलाड़ी मोहम्मद हैरिस का नाम सबसे आग चल रहा है। 24 साल के हैरिस ने पाकिस्तान ए टीम के अलावा द शाहीन्स और घरेलू क्रिकेट में भी इस जिम्मेदारी को निभाया है, ऐसे में उन्हें उपकप्तान बनाया जा सकता है।

बांग्लादेश सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम के ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत 8 जुलाई से कराची स्थित नेशनल बैंक क्रिकेट एरिना में होगी। वहीं बांग्लादेश के लिए स्क्वाड 16 जुलाई को रवाना होगी। पाकिस्तान टीम 20, 22 और 24 जुलाई को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। शादाब के अलावा तेज गेंदबाज नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर भी अभी तक फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में पीएसएल 10 में 4 मैच खेलने वाले सलमान मिर्जा जो 9 विकेट लेने में कामयाब हुए थे उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है।

# व्यापार

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट

**रायपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस' लॉन्च किया है। यह एक मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहकों को दीर्घकालिक रूप से संपत्ति बनाने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रोडक्ट को सिर्फ 1000 रुपए की मासिक प्रीमियम पर खरीदा जा सकता है। इससे युवा ग्राहक आसानी से नियमित निवेश कर सकते हैं और अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इसमें जीवन बीमा का लाभ भी शामिल है, जिससे ग्राहक के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। श्री अमित पालटा, चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और मॉर्गन स्टेनली के अनुसार 2028 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। देश की इस विकास यात्रा की कमान युवाओं के हाथ में है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 65 प्र. हिस्सा हैं। यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (यूलिप) संपत्ति निर्माण का एक प्रभावशाली माध्यम हैं। युवा वर्ग को जल्दी निवेश शुरू करने और लंबे समय तक जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हमने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है।

# सेंसेक्स 200 अंक टूटा, निफ्टी 25,500 के नीचे



शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन कंसोलिडेशन फेज में रहा यानी ज़्यादा उतार-चढ़ाव नहीं दिखा। ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेतों के बीच निवेशकों में सतर्कता देखने को मिली।

इस दौरान BSE सेंसेक्स 118 अंक गिरकर 83,579.4 पर ट्रेड करता दिखा, वहीं Nift450 में 47 अंकों की गिरावट रही और यह 25,494 के स्तर पर आ गया।

दिनभर के कारोबार में आईटी, मेटल और फार्मा शेयरों में कुछ खरीदारी दिखी, वहीं बैंकिंग, एफएमसीजी और रियल एस्टेट शेयरों पर दबाव रहा।

ब्रॉडर मार्केट में भी कमजोरी दिखी। कुल मिलाकर बाजार में फिलहाल कोई बड़ी हलचल नहीं दिख रही है। आईटी सेक्टर में थोड़ी तेजी है, लेकिन बैंकिंग और रियल एस्टेट जैसे सेक्टर्स में कमजोरी बनी हुई है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट से निवेशकों को थोड़ा सतर्क रहना चाहिए।

एशिया-पैसिफिक के ज्यादातर बाजार आज सुस्त शुरुआत के साथ खुले। निवेशक अमेरिकी फेड चेयरमैन पॉवेल की बातों को लेकर सतर्क दिखे। पॉवेल ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप टैरिफ (शुल्क) न लगाते, तो फेड अब तक ब्याज दरों में कटौती कर चुका होता। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को मिला-जुला बंद हुआ।

## एचडीएफसी ग्रुप की कंपनी की बाजार में दमदार एंट्री

एचडीएफसी बैंक की सब्सिडियरी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों की आज यानी बुधवार, 2 जुलाई को शेयर बाजार में जबरदस्त एंट्री हुई। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई, दोनों पर 835 पर लिस्ट हुए, जो इसके इश्यू प्राइस 740 से करीब 12.84 प्र. ज्यादा है। 12,500 करोड़ के इस आईपीओ को 25 जून से 27 जून के बीच सब्सक्राइब किया गया था। साइज के मामले में यह भारत का चौथा सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू रहा है। इससे ऊपर अब तक केवल ह्युंडई, एलआईसी और पेटीएम के आईपीओ हैं। आईपीओ को तीन दिन में 17.65 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। 12.33 करोड़ शेयरों के मुकाबले कंपनी को 217.78 करोड़ शेयरों के लिए बिड्स मिले।

रिटेल इनवेस्टर्स की कैटेगरी में 1.51 गुना सब्सक्रिप्शन हुआ। नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स की ओर से 10.55 गुना बिड्स आईं। सबसे ज्यादा डिमांड QIB से आई, जहां सब्सक्रिप्शन 58.64 गुना रहा। इंप्लॉइज के लिए रिजर्व हिस्से में 6.03 गुना बिड्स आईं।

## चिकित्सक दिवस पर वेदांता ने चिकित्सा कर्मियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर देश के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम अपने 105 डॉक्टरों और उनकी चिकित्सा टीमों को सादर नमन करता है।

इन स्वास्थ्य सेवा वीरों ने अटूट समर्पण और करुणा के साथ ओडिशा और छत्तीसगढ़ में सेवारत वेदांता एल्युमीनियम के अस्पतालों और डायग्नोस्टिक केंद्रों में पाँच लाख से अधिक लोगों को अभूतपूर्व स्वास्थ्य सेवा दी है। ये उनके लिए स्वास्थ्य सेवा की संजीवनी की तरह हैं। स्वास्थ्य सेवा वीरों के योगदान के सम्मान में समर्पित इस विशेष दिन वेदांता ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है कि यह सर्व सुलभ एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करते हुए अधिक स्वस्थ समुदाय का निर्माण करेगा।

ऐसे हर अस्पताल, मोबाइल हेल्थ यूनिट (एमएचयू) और स्वास्थ्य शिविर की सफलता में 105 डॉक्टर्स और 455 नर्सेस और चिकित्सा कर्मचारियों की वेदांता टीम का अथक योगदान रहा है। यह पूरी व्यवस्था भारत के कुछ सबसे दूरदराज के क्षेत्रों और वंचित समुदायों के लिए आशा की किरण है।

## वेदांता मेटल बाज़ार ने 40,000 करोड़ रु. की कुल सेल्स वैल्यू हासिल की

**रायपुर।** एमएसएमई दिवस पर भारत में महत्वपूर्ण धातुओं, ट्रांज़िशन धातुओं, ऊर्जा एवं टेक्नोलॉजी के अग्रणी सदन वेदांता लिमिटेड (एनएसईः वीईडीएल) ने घोषणा की है कि इसके नॉन-फेरस मेटल्स ई-स्टोर-वेदांता मेटल बाज़ार- ने कुल सेल्स वैल्यू में 40,000 करोड़ रु. या 4.7 बिलियन डॉलर का आँकड़ा हासिल कर लिया है। वेदांता मेटल बाज़ार दुनिया का सबसे बड़ा नॉन-फेरस मेटल्स ई-स्टोर है, जो एल्युमीनियम, ज़िंक, लैड एवं कॉपर जैसे धातुओं में 1200 स्टॉक कीपिंग युनिट्स (एसकेयू) से अधिक की पेशकश लेकर आता है। यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को सुगम एवं डिजिटल-फर्स्ट समाधान उपलब्ध कराकर उनके लिए कारोबार को सुगम बनाता है। इन समाधानों के ज़रिए कारोबारों के लिए नॉन-फेरस मेटल्स, जैसे- एल्युमीनियम, ज़िंक, लैड, कॉपर को प्रभावी एवं किफायती दामों पर खरीदना आसान हो जाता है।

## अपूर्व डेगन अभिनीत चार शॉर्ट फिल्मों को हंगामा ओटीटी ने रायपुर में आरएस-1 में लॉन्च किया



**रायपुर।** फिल्मीकैंडी एंड यूनिटी प्रोडक्शन एलएलपी ने आज चार प्रभावशाली शॉर्ट फिल्मों के रिलीज़ की घोषणा की है।

ये चारों फिल्में इंस्टेंट लोन, फैमिली बॉय, ए कप ऑफ कॉफी, और झुनझुना - समाजिक मुद्दों पर आधारित हैं और अब केवल हंगामा ओटीटी पर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही हंगामा ओटीटी ने रायपुर के दर्शकों के लिए एक विशेष ऑफर लॉन्च किया है आरएस1 में एक महीने का अनलिमिटेड सब्सक्रिप्शन। इस पहल का उद्देश्य अच्छे कंटेंट को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना और रायपुर के उभरते कलाकार अपुरव डेगन जैसे टैलेंट को प्रमोट करना है।

इन कूपनों को आप रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में वितरित होते हुए देखेंगे। जैसे मरीन ड्राइव, कटोरा तालाब, एन. आई. टी. चोपाटी, पंडरी और शंकर नगर। घोषणा आज रायपुर के प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई, जहाँ कलाकार अपूर्व डेगन, निर्देशक खुशबू झा, और निर्माता हर्ष टोगानी उपस्थित थे।चारों शॉर्ट फिल्में आज के दौर से जुड़े अहम सामाजिक मुद्दों पर आधारित हैं।

## रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में मनाया गया डॉक्टर्स डे

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर एक हर्षोल्लासपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल के समर्पित डॉक्टरों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया। यह दिन स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम कर रहे चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। समारोह की शुरुआत विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों और गेम्स से हुई। इस विशेष अवसर को डॉक्टर्स ने सुर में सुर मिलाकर और भी यादगार बनाया । संगीतमय माहौल ने पूरे कार्यक्रम को भावनात्मक और आत्मीय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष केक कटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया।

## संभव स्टील ने सरोरा में आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**रायपुर।** अपनी कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) से जुड़ी गतिविधियों के अंतर्गत 'संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड' ने 31 मई, 2025 को तिल्दा ब्लॉक के ग्राम सरोरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस अनूठी पहल के परिणाम स्वरुप 70 से भी ज़्यादा ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अथिति ग्राम पंचायत सरोरा की नव निर्वाचित सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू स्वास्थ्य शिविर की सराहना की। कार्यक्रम में उपसरपंच बसंत सिंह विनोद तथा अन्य पंच भी उपस्थित थे।

'संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड' की सीएसआर हेड सुश्री शीतल गोयल ने कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर संभव स्टील द्वारा हर तबके के लोगों को साथ लेकर चलने की सोंच का नतीजा है।

## सरकारी कर्मचारियों को शेयर व म्युचुअल फंड में निवेश की अनुमति

**रायपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 में संशोधन अधिसूचित किया है, जिसके तहत भारत सरकार के प्रावधानों की तर्ज पर अब राज्य के शासकीय सेवकों को शेयर, प्रतिभूतियों, डिबेंचर्स और म्युचुअल फंड्स में निवेश की अनुमति दी गई है। यह संशोधन नियम 19 में नया उप-खण्ड जोड़ते हुए लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। हालांकि, अधिसूचना में यह स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि इंट्रा-डे ट्रेडिंग, बीटीएसटी, फ्यूचर एंड ऑप्शंस तथा क्रिप्टोकरेंसी जैसे प्रकृति के निवेश गतिविधियों पर रोक लागू रहेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

रा.प्र.क 202506161800015
अ-2/2024-25
ग्राम-गीदम, प0ह0नं0-17, तहसील-गीदम

// उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री कार्तिक राम बघेल पिता श्री मेहत्तर बघेल निवासी गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ0ग0) मोबाईल नं0 8120746979 के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-गीदम प0ह0नं 17 रा0नि0मं0 गीदम तहसील गीदम में स्थित भूमि खसरा नं0 764/3 रकबा 0.0240 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 16/07/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/06/2025 को जारी किया जाता है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मुहर गीदम

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

रा.प्र.क्र-202506161800014/
अ-2/2024-25
ग्राम-गीदम, प0ह0नं0-17, तहसील-गीदम

// उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कार्तिक राम बघेल पिता श्री मेहत्तर बघेल निवासी गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ0ग0) मोबाईल नं0 8120746979 के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-गीदम प0ह0नं 17 रा0नि0मं0 गीदम तहसील गीदम में स्थित भूमि खसरा नं0 764/2 रकबा 0.0240 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते हैं। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 16/07/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा)
गीदम

## एक नजर

### कांग्रेस के परिसंपत्ति प्रभारी नितिन कुम्बलकार पांच दिवसीय दौरे पर आएंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में पूर्व मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा की गिरफ्तारी और सुकमा का कांग्रेस भवन अटैच होने के बाद अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के परिसंपत्ति प्रभारी छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे।प्रभारी नितिन कुम्बलकार का ये दौरा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे के दौरे के बाद 11 से 15 जुलाई तक प्रस्तावित है, जिसमें वे प्रदेश के लगभग सभी जिलों का दौरा कर कांग्रेस की संपत्ति का ब्योरा लेने वाले हैं। श्री कुम्बलकार 11 जुलाई से कवर्धा ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ संपत्ति को लेकर अहम बैठक से शुरुआत करेंगे। 15 जुलाई को रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के साथ उनकी अंतिम बैठक होगी।

### सिकलसेल एवं थैलीसिमिया के मरीजों को काश फाउंडेशन के जरिए मिल रही मदद

**रायपुर।** प्रदेश में सिकलसेल एवं थैलीसिमिया के मरीजों के लिए एक मात्र उपचार हर 15 दिन में मरीज को नया रक्त चढ़ाने के जरिए किया जाता है। प्रदेश में थैलीसिमिया के 22 हजार मरीज एवं सिकलसेल के 7 हजार से भी अधिक मरीज इस समय रक्त दाताओं के सहयोग से अपने अमूल्य जीवन को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में काश फाउंडेशन की काजल सचदेव एवं रोटरी क्वींस क्लब की प्रभजोत कौर ने आज सचदेव धर्मशाला फाफाडीह में आयोजित मेगा ब्लड कैंप में बताया कि प्रदेश में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदाताओं के अमृत रक्तदान से ही उक्त मरीजों की जीवन चर्या चल रही है। काजल सचदेव ने बताया कि उनके 21 वर्षीय बेटे को भी सिकलसेल की बीमारी है। वे हर 15 दिन में अपने बेटे को नया रक्त चढ़ाने के लिए सेंटर ले जाती है। प्रदेश में इस समय बोन मेरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसकी वजह से उक्त ट्रांसप्लांट के लिए संबंधित मरीजों को बैंगलोर कलकत्ता दिल्ली मुंबई आदि शहरों में दो से तीन माह तक रहकर इलाज करवाना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि सरकारी ब्लड बैंक के अलावा बिलासा ब्लड बैंक के जरिए इस समय मरीजों को नया रक्त चढ़ाया जा रहा है। एक रक्तदाता के रक्तदान करने से एक मरीज को अमृत के समान रक्त प्राप्त होता है। आयोजित शिविर में आज अनेक रक्तदाताओं ने उपस्थित होकर रक्तदान कर उक्त अभियान को नवीन ऊर्जा दी है। काजल सचदेव ने चर्चा के दौरान बताया कि इसी तरह जनसहयोग से ही शहर के 180 बच्चों को रक्तदाताओं द्वारा दिये गये दान से नवजीवन प्राप्त हो रहा है।

### महतारी वंदन की 17वीं किश्त जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज एक तारीख को माह जुलाई 2025 की सत्रहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.23 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 647.66 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 17 महीनों में 11081.68 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना से होने वाले भुगतान एवं अन्य जानकारी से अवगत होने के लिए महतारी वंदन योजना के पोर्टल अथवा महतारी वंदन योजना का मोबाईल ऐप भी है जिसे हितग्राही प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपनी जानकारी देख सकते हैं। यदि कोई आवेदिका इस सहायता राशि का लाभ नहीं लेना चाहती है, अर्थात् लाभ त्याग करना चाहती है तो वे पोर्टल में लाभ त्याग के ऑप्शन में जाकर लाभ त्याग कर सकती है। महतारी वंदन योजनांतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। जिन हितग्राहियों का खाता डीबीटी इनेबल नहीं है वे तत्काल बैंक जाकर आधार सीडिंग करवायें क्योंकि उनको भुगतान किये जाने पर राशि वापस हो जा रही है तथा इस हेतु उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया गया है।

# रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट रिश्वत देकर ले रहा था मेडिकल कॉलेज की मान्यता

## सीबीआई ने तीन डॉक्टरों सहित छह को किया गिरफ्तार

**■ बेंगलुरु में दी गई थी 55 लाख की रिश्वत**

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च के अधिकारियों द्वारा रिश्वत देने का मामला सामने आया है। मनमाफिक रिपोर्ट बनवाने से जुड़े इस मामले को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की।

इस कार्रवाई के दौरान सीबीआई ने तीन डॉक्टरों सहित छह लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार लोगों में रावतपुरा मेडिकल कॉलेज के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर और मेडिकल डायरेक्टर भी शामिल है. मेडिकल डायरेक्टर के बारे में पता चला है, वे रायपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, साथ मे डबल नौकरी करते हुए प्राइवेट रावतपुरा मेडिकल कॉलेज का भी काम देखते हैं.

इन पर आरोप है कि उन्होंने मेडिकल कॉलेज के पक्ष में पॉजिटिव इंस्पेक्शन रिपोर्ट देने के बदले रिश्वत ली। रिश्वत की राशि 55 लाख रुपए बेंगलुरु में लिए जाने के समाचार प्राप्त हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कथित तौर पर नामित मूल्यांकनकर्ताओं ने रिश्वत के बदले में विभिन्न मेडिकल कॉलेजों को अनुकूल रिपोर्ट दी गई. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तीन डॉक्टरों सहित कुल छह लोगों को चिकित्सा महाविद्यालय के पक्ष में अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बदले रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है.

गिरफ्तार आरोपियों को संबंधित स्थानों पर न्यायालयों के समक्ष पेश किया जाएगा. कथित तौर पर आरोपियों ने निरीक्षण करने वाले डॉक्टरों को अवैध रूप से प्रभावित करके प्रक्रिया में हेरफेर करने के लिए अलग-अलग तौर-तरीकों का इस्तेमाल किया. गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को संबंधित न्यायालयों में प्रस्तुत किया जाएगा. आरोपियों द्वारा निरीक्षण प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रकार की रणनीतियों का उपयोग किए जाने की बात भी सामने आई है.



**यही है भाजपा का जीरो टॉलरेंस : स्वास्थ्य मंत्री**

श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज मामले में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार का यही जीरो टॉलरेंस है। सीबीआई एक स्वतंत्रत एजेंसी है, जहां गड़बड़ी होती है वहां सीबीआई कार्रवाई करती है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जहां भी गड़बड़ी पाई जाएगी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी।

# उमा तिवारी की जमानत याचिका खारिज

**■ भारत माला परियोजना**

**बिलासपुर, 2 जुलाई।** भारत माला परियोजना में मुआवजा घोटाले की आरोपी उमा तिवारी की याचिका अस्वीकार कर दी गई है। मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस विभू दत्ता गुरु की डबल बेंच ने उमा तिवारी की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। उमा तिवारी समेत अन्य आरोपी ढाई महीने से जेल में बंद हैं। मालूम हो कि दुर्ग से विशाखापत्तनम और मुंबई से कोलकाता को जोड़ने वाली भारत माला सड़क परियोजना रायपुर के अभनपुर से होकर गुजर रही है। इस प्रोजेक्ट में भू-अर्जन के लिए सरकार ने राजपत्र में नोटिफिक्रेशन जारी किया था। अभियोजन के मुताबिक जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर एक बड़ा सिंडिकेट बनाया। इस सिंडिकेट ने बड़ी जमीनों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर मुआवजा घोटाला किया। इसमें तत्कालीन भू-अर्जन अधिकारी, एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की मिलीभगत थी। इस घोटाले से सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ।

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और ईओडब्ल्यू ने इस मामले में हरमीत सिंह खनूजा, विजय जैन, उमा तिवारी और उनके पति केदार तिवारी को ढाई महीने पहले गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि ठाकुर राम चंद्र स्वामी और जैतू साव मठ के नाम पर 2.13 करोड़ रुपये का मुआवजा तय हुआ था। आरोप यह लगाया गया है कि इस रकम को हड़पने के लिए उर्वशी तिवारी ने उमा तिवारी बनकर भू-अर्जन अधिकारी निर्भय साहू के साथ साठगांठ की। उसने फर्जी आवेदन और शपथ पत्र देकर मुआवजा हासिल कर लिया। हाई कोर्ट ने उमा तिवारी की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद इसे खारिज कर दिया। कोर्ट का मानना है कि मामला गंभीर है और जांच अभी चल रही है। इस घोटाले ने न सिर्फ सरकारी खजाने को चपत लगाई, बल्कि भारत माला जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना की साख पर भी सवाल उठाए हैं।

# छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव की तिथि बदलने की मांग

## अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2025 के लिए घोषित तिथि 30 सितंबर पर अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई है। यह तिथि दुर्गा अष्टमी जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दिन निर्धारित की गई है, जिसको लेकर प्रदेशभर के अधिवक्ता नाराज़गी जता रहे हैं। अधिवक्ताओं ने चुनाव तिथि बदलने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन समिति और महाधिवक्ता को ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि आज अधिवक्ता भरत लोनिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सौंपा। इसमें अनुरोध किया गया कि चुनाव की तारीख को या तो उससे पहले या फिर बाद की किसी उपयुक्त तिथि पर पुनर्निधारित किया जाए, जिससे अधिवक्ता बिना किसी धार्मिक और पारिवारिक बाधा के मतदान कर सकें।

अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में यह भी कहा कि दुर्गा अष्टमी के दिन चुनाव होने से महिला अधिवक्ताओं और पारिवारिक दायित्व निभा रहे अधिवक्ताओं को परेशानी होगी, जिससे मतदान प्रतिशत भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने इस संवेदनशील विषय पर निर्वाचन समिति से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।

अधिवक्ताओं ने इस दौरान मुख्य न्यायाधीश को विशेष धन्यवाद भी दिया कि लगभग 10 वर्षों बाद राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव हो रहा है, और यह सिर्फ न्यायपालिका की पहल और मार्गदर्शन से संभव हुआ है। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पुनर्स्थापना पर आभार जताया।

भरत लोनिया ने प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं और संगठनों से अनुरोध किया है कि वे भी इस मांग के समर्थन में हस्ताक्षरित ज्ञापन जल्द से जल्द चुनाव समिति को सौंपें, जिससे यह मुद्दा और मजबूत हो सके। इस प्रतिनिधिमंडल में भरत लोनिया के साथ प्रमुख रूप से विनोद श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत पांडे, संजय क्षत्रीय, टी.एन. दुबे, राकेश कश्यप, अभिषेक केशरवानी, नितिन त्रिवेदी, जोतिंद्र उपाध्याय, श्रीम केशरवानी, वीणा शुक्ला, मोनू रजक, पूजा लोनिया, श्रुतिजा शाहिद सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सोंठी गांव की हरियाली से महका पर्यावरण और उम्मीदों का भविष्य

## बंजर से बगिया

**रायपुर।** कभी वीरान और बंजर रहा सोंठी गांव आज हरियाली की मिसाल बन गया है। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पंचायत सोंठी में एक समय बंजर पड़ी भूमि अब हरियाली से आच्छादित हो गई है। यह बदलाव सिर्फमिट्टी की सतह पर नहीं, बल्कि ग्रामीणों की सोच, जीवनशैली और सामुदायिक एकता की परतों में भी देखा जा सकता है।इस प्रेरणास्पद परिवर्तन की शुरुआत हुई गांव की जनसभा में लिए गए उस फैसले से, जिसमें यह ठाना गया कि गांव की बंजर भूमि को हरियाली में बदला जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में वृक्षारोपण और भूमि सुधार का कार्य शुरू किया गया। इसके लिए 17.61 लाख रुपये की स्वीकृति मिली, जिसमें मजदूरी मद में 14.08 लाख और सामग्री मद में 3.53 लाख रुपये खर्च किए गए।इस कार्य ने न केवल पर्यावरण को संजीवनी दी, बल्कि रोजगार का भी सृजन किया। कुल 5718 मानवदिवस के सृजन से 43 परिवारों के 175 मजदूरों को 12.08 लाख रुपये की मजदूरी मिली। गड्ढा खुदाई, पौधरोपण, जल प्रबंधन और पौधों की देखरेख में पारदर्शिता और तकनीकी निगरानी का पूरा ध्यान रखा गया।इस कार्य की खास बात रही, रिमझिम महिला संकुल संगठन, क्लस्टर बम्हनीडीह की भागीदारी। गांव की महिलाओं ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि अमरूद, सीताफल और नींबू जैसे फलों के पौधों की लगातार देखरेख की। हरियाली की इस यात्रा को अपना बना लिया। सरपंच बताती हैं कि इस काम से गांव का पूरा वातावरण ही बदल गया है। अब हर पौधा गांव वालों का अपना है। सबकी साझा भागीदारी ने इस पहल को केवल एक योजना तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे सामुदायिक चेतना का प्रतीक बना दिया।



## शिक्षक की मेहनत से गांव में लौट रही है शिक्षा की रौशनी

**रायपुर।** नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक का एक छोटा-सा हरा-भरा गांव है थुलथुली। चारों तरफ जंगलों और पहाड़ियों से घिरा यह गांव अब तक शिक्षक की कमी के कारण शिक्षा से वंचित था। शासकीय बालक आश्रम शाला, थुलथुली में भवन तो था, लेकिन पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं थे। बच्चे स्कूल तो आते थे, पर पढ़ाई की रफ्तार रुकी हुई थी।इस हालात को बदला है छत्तीसगढ़ सरकार की युक्तियुक्तकरण ने, जिसके तहत स्कूलों में बच्चों की संख्या के हिसाब से शिक्षकों की तैनाती की गई है। इसी योजना के तहत शिक्षक श्री शोभीराम मरकाम की पोस्टिंग थुलथुली में हुई। पहले वे कुर्सीनवार के प्राथमिक शाला में पदस्थ थे। थुलथुली पहुंचते ही उन्होंने इसे सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि एक मिशन मान लिया।श्री मरकाम न केवल बच्चों को पढ़ा रहे हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और उम्मीद भी जगा रहे हैं। वे मानते हैं कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाती है। गांववाले भी उन्हें एक उम्मीद की किरण मानने लगे हैं। शिक्षक मरकाम अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सरकार की नीतियों को देते हैं। उनका कहना है कि युक्तियुक्तकरण योजना जैसे प्रयासों ने दूरदराज के गांवों में भी शिक्षा की लौ जलानी शुरू कर दी है।

## बंगाल गए पुलिस कर्मियों ने मचाया धमाल, थानेदार लाइन अटैच

**■ दो प्रधान आरक्षक निलंबित**

**बलरामपुर।** तामिली के अमल के लिए पश्चिम बंगाल गए दो प्रधान आरक्षकों को उनकी हरकतों के लिए निलंबित कर दिया गया है. प्रधान आरक्षकों के साथ उन्हें बिना वर्षिठ अधिकारियों की अनुमति के बंगाल भेजने पर थाना प्रभारी को भी निलंबित किया गया है. कुसमी थाना प्रभारी निरीक्षक ललित यादव ने शिकायत की जांच के दौरान नोटिस तामिली के लिए थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विष्णुकांत मिश्रा व प्रधान आरक्षक प्रांजुल कश्यप को बिना वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के पच्छिम बंगाल के आसनसोल भेज दिया था. आसनसोल में तामिली पर अमल करने की बजाए अनर्गल कार्य में लिप्त होने की मिली शिकायत पर बलरामपुर-रामानुजगंज पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए दोनों प्रधान आरक्षकों के साथ थाना प्रभारी को निलंबित कर रक्षित केन्द्र बलरामपुर में अटैच कर दिया है.



## राजधानी में हो रही रिमझिम बारिश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वायुमंडल में एक कम दबाव का क्षेत्र और द्रोणिका के कारण रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती और बलरामपुर में भारी वर्षा हुई है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि कल से वर्षा थम जाएगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा ने कहा कि खाड़ी से नमी और निम्न दाब का क्षेत्र के बीच द्रोणिका बनने के कारण छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र कहे जाने वाले रायगढ़, जांजगीर-चापा तथा बिलासपुर में अच्छी वर्षा हुई है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ 106 एमएम वर्षा रिकार्ड दर्ज की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ बीजापुर, नारायणपुर में पर्याप्त वर्षा हुई है। बिलासपुर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में भी वर्षा होने की जानकारी मिली है। कई जिलो में रोपाई का काम में तेजी आ गई रायपुर जिले के उप संचालक के अनुसार जिलें एक लाख 65 हजार धान का रकबा है। इसमें से 50 प्रतिशत क्षेत्र में बोआई हो चुकी है। वर्षा होने के कारण रायपुर जिले में धान अंकुरण होगा। वहीं रोपाई कार्य में तेजी आएगी, सिंचित क्षेत्र में रोपाई का काम चालू हो गया है। इधर पनी नहीं गिरने के कारण भू-काफी स्तर गिर गया है। राज्य में 39 लाख हेक्टेयर धान का रकबा है। वर्षा की गति होगी धीमीएक निम्न का क्षेत्र झारखंड और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ने की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ में 2161 करोड़ का शराब घोटाला

# दो बड़े नेताओं को हर माह 20 करोड़ की अदायगी

## 1500 करोड़ 'पार्टी फंड' में जाने का दावा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की पूरक चार्जशीट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। दस्तावेजों के मुताबिक, घोटाले से जुड़ी रकम में से हर माह दो बड़े राजनेताओं को 10-10 करोड़ रुपये की राशि दी जाती थी। इन नेताओं में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा का नाम सामने आया है, जबकि दूसरे नेता की पहचान गुप्त रखी गई है।चार्जशीट में यह भी दावा किया गया है कि इस पूरे नेटवर्क से निकले 1500 करोड़ रुपये 'पार्टी फंड' के नाम पर दिए गए। हालांकि, इस बात का कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं है कि यह फंड किस पार्टी को मिला। जांच एजेंसी इस दिशा में आगे की जांच में जुटी है। ईओडब्ल्यू के अनुसार, यह घोटाला फरवरी 2019 में शुरू हुआ। प्रारंभ में डिस्टलरी से हर माह करीब 800 पेटी अवैध शराब ट्रकों के माध्यम से सप्लाई की जाती थी, जिसे 2840 रुपये प्रति पेटी बेचा जाता था। कुछ समय बाद यह आपूर्ति बढ़ाकर 400 ट्रक प्रति माह कर दी गई और शराब की प्रति पेटी कीमत 3880 रुपये तय की गई। जांच में सामने आया है कि सालभर में करीब 60 लाख से अधिक पेटियों की अवैध बिक्री की गई। इस काम के लिए राज्य को आठ जोन में बांटा गया और 15 जिलों को विशेष रूप से इस अवैध कारोबार के लिए चुना गया। इन जिलों की शराब दुकानों में फैक्ट्री से ही नकली होलोग्राम लगाकर शराब भेजी जाती थी। ईओडब्ल्यू की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस पूरे सिंडिकेट में कई कारोबारी और कंपनियां भी शामिल थीं। अरविंद सिंह के भतीजे अमित सिंह, अनुराग ट्रेडर्स के अनुराग द्विवेदी, सत्येंद्र प्रकाश गर्ग और नवनीत गुप्ता जैसे नाम शामिल हैं, जो ओवर बिलिंग और बिना बिल के शराब की आपूर्ति करते थे। अमित सिंह, दीपक दुआरी और प्रकाश शर्मा मिलकर डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई करते थे। वहीं, कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया की सुमित फैसिलिटीज कंपनी के कर्मचारी इन नकली होलोग्राम को शराब की बोतलों पर लगाते थे। इसके बदले में प्रति होलोग्राम 8 पैसे का कमीशन वसूला जाता था। ईओडब्ल्यू ने इस घोटाले की तह तक पहुंचने के लिए जांच तेज कर दी है और जल्द ही और बड़े नामों का खुलासा होने की संभावना है।

## कचरों के ढेर से काली माता वार्ड में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा

**बप्पी चाल एवं तिवारी स्टोर के पास बदबूदार नालियों की कई दिनों से नहीं हुई सफाई**



**रायपुर।** वर्षा का सीजन शुरू हो गया है। नगर निगम आयुक्त एवं महापौर द्वारा रायपुर को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए जहां एक ओर लगातार मुहिम चलाई जा रही है वहीं नगर निगम की सफाई कर्मियों की लापरवाही से शहर के कालीमाता वार्ड में कई सप्ताह से सफाई नहीं हुई है जिसके चलते रहवासी परेशान है। इस संबंध में दुलारी ध्रुव, हरीश ध्रुव, भानु एवं रश्मि ने चर्चा के दौरान बताया कि बप्पी चाल तिवारी स्टोर के पास बनी नाली कचरों से भरी हुई है। शहर में हो रही वर्षा से नाली जाम होने के कारण उठ रही बदबू से आसपास के लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। प्रभावितों ने इस संबंध में वार्ड पार्षद से कई बार लिखित में निवेदन किया कि इसके बाद भी सफाई व्यवस्था कायम नहीं हो पाई है। प्रभावितों ने जोन क्रमांक तीन के आयुक्त नगर निगम आयुक्त एवं महापौर मीनल चौबे से संक्रामक बीमारियों के खतरे के मद्देनजर तत्काल स्वच्छता कायम करने की मांग वार्ड में की है।

# शराब की बोतल में मकड़ी मदिरा प्रेमियों में मचा हड़कंप

**राजनांदगांव**. शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, ऐसा सभी ने कहीं न कहीं तो सुना ही होगा, लेकिन आज तो गजब हो गया. शराब की शीशी में मकड़ी के शरीर के टुकड़े निकलने से मदिरा प्रेमियों में हड़कंप मच गया है. पूरा मामला छुरिया क्षेत्र का है.

ग्राम पंचायत गैदाटोला में एक मदिरा प्रेमी ने शासकीय शराब दुकान से शोले प्लेन देशी मदिरा की 180 एमएल की शीशी खरीदी. जब शराब पीने के लिए जा रहे थे तभी अचानक उसको शीशी के अंदर कुछ तैरते हुए दिखाई दिया, जबकि शीशी सील पैक थी. ध्यान से देखने पर पता चला कि उस सील पैक शीशी के अंदर शराब के साथ एक मरी हुई मकड़ी का हिस्सा तैर रहा है। इसके बाद वह आदमी सकते में आ गया। जब इस बात की तहकीकात करने मदिरा दुकान के कर्मचारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गलती से ये शीशी दे दी गई है. उसे वापस लाओ दूसरी बदल कर दे देंगे. सवाल शीशी बदलने या दूसरी देने का नहीं हैं. सबसे बड़ी बात तो ये है कि सील पैक शीशी में मरी हुई मकड़ी आई कैसे ? क्या बॉटलिंग के समय सावधानी नहीं बरती गई या मदिरा भंडारण में लापरवाही हुई है. क्या बॉटलिंग के समय कोई जवाबदार अधिकारी मौजूद नहीं थे. क्या एक ही शीशी में इस प्रकार की गड़बड़ी हुई है या सारी शीशियों में इस प्रकार का नजारा शामिल है, जो भिन्न-भिन्न शराब दुकानों में बेचने भेजी गई है. शराब प्रेमियों ने पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.



स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26